mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-05 अंक-128 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
11 मई 2025 रविवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



रोहित शर्मा के ...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### 'भारत-पाक ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर जताई सहमति'

**अमेरिका (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे के बाद पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट किया जिसमें उन्होंने लिखा है,पाकिस्तान और भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है। पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किया है। भारत विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (ष्ठत्रस्ह्र) ने आज दोपहर 15=35 बजे भारतीय ष्ठत्रस्ह्र को फोन किया। उनके बीच सहमति बनी कि



दोनों पक्ष भारतीय मानक समयानुसार 17=00 बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। उन्होंने कहा, आज दोनों पक्षों को इस सहमति को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। सैन्य संचालन महानिदेशक 12 मई को 12=00 बजे फिर से बात करेंगे। इससे पहले भारत और पाकिस्तान तनाव पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत और पाकिस्तान युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यह बयान पोस्ट किया है जिसमें दोनों देशों को इसके लिए बधाई भी दी है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी रात की बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं।

### थम जाएगी रूस-यूक्रेन जंग?

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग थमने के आसार नजर आ रहे हैं। यूक्रेन और उसके सहयोगी 30 दिनों के पूर्ण और बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हो गए हैं। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने बताया कि यह युद्ध विराम सोमवार से शुरू होगा। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने युद्ध विराम की बात ऐसे समय पर कही है जब 4 यूरोपीय देशों के नेता शनिवार को संयुक्त समर्थन दर्शाने के वास्ते कीव पहुंचे हैं। फ्रांस, जर्मनी, पोलैंड और ब्रिटेन के नेताओं ने कीव पहुंचकर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की है। इससे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने विक्ट्री डे परेड के चलते एकतरफा 72 घंटे के युद्ध विराम की घोषणा की थी। इस दौरान उन्होंने



यह भी कहा था कि रूसी सैनिक किसी भी हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे। यूक्रेन ने तब रूस की इस परेड को %नकली देशभक्ति का तमाशा% बताया था और रूस की ओर से घोषित युद्ध विराम को खोखला करार दिया था। अमेरिका ने मार्च में युद्ध में 30 दिन के युद्ध विराम का प्रस्ताव रखा था, जिसे यूक्रेन ने स्वीकार कर लिया था, लेकिन क्रेमलिन ने अपनी पसंद के अनुसार युद्ध विराम की शर्तों पर अधिक जोर दिया। यूरोपीय नेताओं ने एक संयुक्त बयान में कहा, ''हम शांति समझौते के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के आह्वान के प्रति अपना समर्थन दोहराते हैं और रूस से आग्रह करते हैं कि वह स्थायी शांति सुनिश्चित करने के प्रयासों में बाधा डालना बंद करे।'' नेताओं ने कहा, ÷अमेरिका और हम रूस से न्यायपूर्ण एवं स्थायी शांति के वास्ते वार्ता के लिए जगह बनाने की खातिर 30 दिन के पूर्ण और बिना शर्त युद्ध विराम पर राजी होने का आह्वान करते हैं।÷

## तापी बेसिन मेगा रीचार्ज प्रोजेक्ट बदल देगा मध्य प्रदेश की सूरत



**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के लिए 10 मई का दिन बेहद खास रहा। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने ज्ञान (गरीब-युवा-अन्नदाता-नारी शक्ति) को लेकर एक और ठोस कदम उठाया। दरअसल, शनिवार को मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र ने %तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना% पर एमओयू साइन साइन किया। इस परियोजना से मध्य प्रदेश में एक लाख और महाराष्ट्र में 2 लाख से ज्यादा हैक्टेयर जमीन पर सिंचाई होगी। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की इस संयुक्त परियोजना से हजारों किसानों को फायदा पहुंचेगा। दोनों सरकारों के बीच ये एमओयू महाराष्ट्र अंतरराज्यीय नियंत्रण मंडल की 28वीं बैठक के बाद हुआ। यह बैठक राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ कंवेंशन सेंटर में हुई। बैठक में मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ-साथ महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फडणवीस भी मौजूद थे। दोनों मुख्यमंत्रियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद दोनों मुख्यमंत्रियों ने एमओयू साइन कर एक-दूसरे के साथ फाइलों का आदान प्रदान किया। इस मौके पर सीएम यादव ने कहा कि आज महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के रिश्तों के नए अध्याय की शुरुआत हुई है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने दो राज्यों के बीच होने वाले नदी के समझौतों को गंभीरता से लिया और उसके लिए कोष की व्यवस्था की। गोदावरी और तासी नदी को लेकर हमारा और महाराष्ट्र का अलग संबंध है। तासी नदी का महत्व मां नर्मदा की तरह है।

कोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला

## धोखाधड़ी के मामले में पति, पत्नी और बेटा 25 साल बाद बरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने 25 साल पुराने धोखाधड़ी के मामले में पति, पत्नी और बेटा को बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि दलीलें विसंगतियां संदेह पैदा करती हैं। आरोपी के खिलाफ मामला साबित करने की जिम्मेदारी अभियोजन पक्ष पर है। जिसमें वे विफल रहे। अभियुक्तों को संदेह का लाभ प्राप्त करने का अधिकार है। कोर्ट ने कहा कि सबूतों के अभाव में अभियुक्तों वतन बीर सिंह, तनवीर सिंह और जगजीत कौर को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय अपराध से मुक्त कर दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ यह मामला अगस्त 2000 को दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने पश्चिम विहार, दिल्ली में एक संपत्ति की बिक्री से संबंधित झूठा और जाली दस्तावेजों के आधार पर 14 लाख रुपये देने का लालच देकर (आरोप पत्र के अनुसार) धोखा देने का आरोप लगाया था। आरोप लगाया कि जगजीत कौर संपत्ति की मूल मालिक नहीं पाई गई और



इस तरह उसने आईपीसी की धारा 420/120 के तहत दंडनीय अपराध किया। अदालत ने कहा, ÷अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य अभियुक्तों को दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। अदालत ने कहा, ÷एक भी दस्तावेज रिकॉर्ड में दर्ज नहीं किया गया है। आरोप पत्र के अनुसार, आरोपियों ने धोखाधड़ी के उद्देश्य से संपत्ति का झूठा दस्तावेज तैयार करके जालसाजी की और कथित जाली दस्तावेज का उपयोग करके संपत्ति को बेच दिया।

वहीं, पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर में दो भाइयों का कथित तौर पर अपहरण कर पैसे ऐंठने और उनकी मां पर विवादित संपत्ति खाली करने का दबाव बनाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। डीसीपी क्राइम आदित्य गौतम ने बताया कि आरोपी 30 वर्षीय राहुल और 23 वर्षीय रवि उर्फ ??कालू एक साल से फरार थे। उन्हें बुधवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर मोती बाग से गिरफ्तार किया गया।

## नेपाल बॉर्डर से पकड़े गए चार संदिग्ध चीनी नागरिक




**मोतिहारी (एजेंसी)।** जिले के रक्सौल बॉर्डर से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां नेपाल से रक्सौल बॉर्डर के रास्ते अवैध रूप से घुसपैठ करते हुए चार संदिग्ध चीनी नागरिकों को एसएसबी ने गिरफ्तार किया है। चारों संदिग्धों को रक्सौल मैत्री ब्रिज से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए चार चीनी नागरिकों के साथ एक महिला भी थी। फिलहाल इन सभी से पूछताछ की जा रही है। चीनी नागरिकों के साथ पकड़ी गई महिला को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया है। बता दें के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से सभी सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## भारत-पाक तनाव के बीच साइबर टीम की बड़ी कार्रवाइ

### फर्जी खबर और गलत सूचना वाले 5 हजार पोस्ट सोशल मीडिया से हटाए

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र साइबर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बारे में फर्जी खबरें और गलत सूचना वाले 5,000 पोस्ट हटा दिए हैं, एक अधिकारी ने शनिवार को ये जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, सोशल मीडिया पर सेना की गतिविधियों, रणनीतिक अभियानों या पड़ोसी देशों की जवाबी कार्रवाई के बारे में फर्जी खबरें पाई गई। अधिकारी ने कहा कि साइबर अपराध का पता लगाने वाली एजेंसी ने सैन्य संघर्ष से संबंधित फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं के प्रसार पर एक एडवाइजरी भी जारी की है। अधिकारी ने बताया, %इस तरह की असत्यापित और भ्रामक सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है और संघर्ष को बढ़ाने में योगदान दे सकती है।% उन्होंने कहा कि इस तरह की फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए एजेंसी ने सोशल मीडिया और संचार प्लेटफार्मों से इस तरह की झूठी खबरों को हटाने के लिए नोटिस जारी किए हैं।

अधिकारी ने कहा कि एजेंसी ने सैन्य संघर्ष के बारे में फर्जी खबरें और गलत सूचना वाले लगभग 5,000 सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए हैं। उन्होंने



कहा कि विभाग एक सुरक्षित और भरोसेमंद सूचना वातावरण बनाए रखने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और गलत सूचना के प्रसार को रोकने के लिए प्लेटफॉर्म ऑपरेटरों और प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय करना जारी रखेगा।अधिकारी ने कहा कि जानबूझकर या अनजाने में गलत सूचना फैलाना कानून के तहत दंडनीय अपराध है। महाराष्ट्र साइबर ने एक बयान में नागरिकों को विशेष रूप से राष्ट्रीय महत्व के मामलों के बारे में जानकारी का उपभोग और साझा करते समय संयम और विवेक का प्रयोग करने की सलाह दी।

## डेढ़ साल के बेटे से छीना उसकी मां का साया

### कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। चरित्र संदेह के चलते एक पति ने अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से हमला कर निर्मम हत्या कर दी। शख्स ने अपनी हंसती-खेलती जिंदगी को पलभर में तबाह करते हुए डेढ़ साल के मासूम बेटे से उसकी मां का साया ही छीन लिया। घटना जिले के गोंदिया तहसील के रावणवाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंभोरा में गुरुवार देर रात करीब 11.30 घटित हुई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम अंभोरा निवासी 35 वर्षीय सुनील मदन पटले का विवाह करीब छह वर्ष पूर्व 30 वर्षीय आरती के साथ हुआ था। दंपति का एक डेढ़ साल का बेटा भी है। बताया जा रहा है कि शादी के शुरुआती पांच साल तो सब ठीक-ठाक रहा, लेकिन पिछले छह महीने से सुनील को अपनी पत्नी आरती के चरित्र पर संदेह था। इसी बात को लेकर घर में अक्सर कलह रहती थी और दोनों के बीच आये दिन झगड़े होते रहते थे।

गुरुवार 8 मई की देर रात लगभग 11.30




बजे सुनील और आरती के बीच फिर से जमकर विवाद हुआ। संदेह की आग में जल रहे सुनील ने गुस्से में आकर आरती पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे आरती की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आस-पड़ोस के लोग मौके पर जमा हो गए और तुरंत रावणवाड़ी पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का पंचनामा तैयार किया और मृतका आरती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी सुनील घटनास्थल से फरार हो गया था। हालांकि, बाद में उसने रावणवाड़ी पुलिस थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। रावणवाड़ी पुलिस ने आरोपी पति सुनील पटले के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगे की जांच पुलिस निरीक्षक वैभव पवार के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक नवकार कर रहे हैं।

## भारत के जोरदार हमले में पाकिस्तान ने क्या-क्या खोया

### सेना ने बताई डिटेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान में सीजफायर (युद्ध विराम) हो गया है लेकिन ये सीजफायर पाकिस्तान को शर्तों पर मिला है। सरकार ने शनिवार को फैसला लिया कि भारत अपनी सरजमीं पर भविष्य में होने वाले किसी भी आतंकवादी हमले को ''युद्ध की कार्रवाई'' मानेगा और उसी के अनुसार जवाब देगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सीजफायर के बीच सरकार ने यह स्पष्ट चेतावनी दी है।

वहीं, सीजफायर की घोषणा के बाद भारतीय सेना ने बताया कि हमने पाकिस्तान को ऐसा नुकसान पहुंचाया कि वह कभी इससे उबर नहीं पाएगा। पाकिस्तान में बहुत सारे आतंकी कैंप उड़ाए गए हैं। भारतीय सेना ने बताया कि हमारी जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना को बहुत भारी नुकसान पहुंचा है।



पाकिस्तान के थल और वायु ठिकानों पर वार कर पाकिस्तान की मिलिट्री क्षमता खत्म कर दी गई है।

पाकिस्तान को क्या-क्या नुकसान हुआ? पाकिस्तान में बहुत सारे आतंकी कैंप उड़ाए गए, जैकबाबाद एयरबेस को भी नुकसान पहुंचा।भारतीय सेना ने पाकिस्तान की एयरफील्ड्स जिसमें स्कर्दू, जकोबाबाद, सरगोदा और भुलारी शामिल है, को बहुत नुकसान पहुंचाया गया। पाकिस्तान के एयर डिफेंस और रेडार सिस्टम को ध्वस्त किया गया।पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों के साथ-साथ एयर डिफेंस सिस्टम को भी भारी नुकसान हुआ है।12 घंटे में पाकिस्तानी सेना को बहुत नुकसान, मिलिट्री क्षमता खत्म कर दी गई।पाकिस्तान को इतना नुकसान हुआ है कि उसकी आक्रमक-रक्षात्मक प्रणाली तबाह हो गई।सेना की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा, पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने अपने छ्व्स्न 17 से हमारे स्400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जो पूरी तरह से गलत है।

दूसरा, पाकिस्तान ने एक गलत सूचना अभियान भी चलाया कि सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज में हमारे हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाया गया, उसका यह दावा भी पूरी तरह से गलत है। वहीं, आपको बता दें कि भारत-पाकिस्तान के बीच गोलाबारी रोकने पर सहमति हुई है लेकिन भारत ने पाकिस्तानी जनरल आसिम मुनीर को माफ नहीं किया है। 12 मई 12 बजे तक पाकिस्तान निगरानी पर रहेगा।

## सिंदूरदान से पहले याद आई गर्लफ्रेंड, मंडप से फरार हुआ दूल्हा

**मोतिहारी (एजेंसी)।** बिहार के मोताहारी में सिंदूरदान की रस्म से पहले दूल्हे को गर्लफ्रेंड याद आ गई। इसके बाद वह मंडप से भाग खड़ा हुआ। घटना घोड़ासहन थाना क्षेत्र के निमोनिया गांव की है, जहां शादी के बीच दूल्हा सिंदूर दान की रस्म से पहले मंडप से फरार हो गया। दूल्हा बनकटवा प्रखंड के जितना थाना क्षेत्र के जोलगांवा गांव का है। वहीं, दुल्हन बनकटवा



प्रखंड क्षेत्र के घोड़ासहन थाना क्षेत्र के निमोनिया गांव की है। रमेश महतो के बेटे आनोज कुमार की शादी हरेन्द्र महतो की दूसरी बेटी के साथ तय हुई थी। बुधवार की रात में बारात जोलगवा गांव से निमोईया गांव पहुंची। जनमास में बारात की सभी रस्म पूरी करते हुए बारातियों को नाश्ता कराया गया और शादी की रस्में शुरू हो गई। हिन्दू रीति रिवाज से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंडप में शादी हो रही थी, तभी सिंदूर दान की रस्म से पहले दूल्हा पेशाब करने का बहाना बनाकर मंडप से फरार हो गया। इसके बाद दुल्हन के गांव के लोगों ने दूल्हे की काफी खोजबीन की। इसके बाद पता चला कि दूल्हा अपने घर पहुंच गया है।

# ये युद्ध विराम नहीं! पाकिस्तान को 40 घंटे की मोहलत



**शिमला (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम से सीमावर्ती इलाकों में लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, इससे असली राहत पाकिस्तान को मिली है, जो भारत के हमलों से परेशान

● **12 मई तक निगरानी करेगा भारत**

हो रहा था। भारत के हमलों में पाकिस्तान को जमीन पर भारी नुकसान हुआ है। पाकिस्तान की वायुसेना को भी क्षति पहुंची है। भारत-पाकिस्तान में युद्ध विराम जरूर हो गया है, लेकिन यह सीजफायर पाकिस्तान को शर्तों पर मिला है। भारतीय



सेना ने पाकिस्तान को जो नुकसान पहुंचाया है, पाकिस्तान इस नुकसान से उबर नहीं पाएगा।

पाकिस्तान में बहुत सारे आतंकी कैंप उड़ाए गए। पाकिस्तानी एयरफोर्स को बहुत नुकसान हुआ। पाकिस्तान के जैकबाबाद एयरबेस को नुकसान हुआ। खासकर 12 घंटे में पाकिस्तानी सेना को बहुत नुकसान पाकिस्तान की मिलिट्री क्षमता खत्म कर दी गई। पाकिस्तान ने अपनी जमीन खोई है।

पाकिस्तान की इन जगहों पर सैन्य ठिकानों को भारी नुकसान- सरगोधा, लाहौर, पेशावर, नूरखान, रावलपिंडी, मुरीद एयरबेस, चकवाल, रफीकी एयरबेस चुनिया बेस, रहीमयार खान बेस चकलाला एयर बेस सुक्कुर एयर बेस सियालकोट पसरूर।

पाकिस्तान की तरफ से उधमपुर, आदमपुर, भुज, पठानकोट, बठिंडा, सिरसा, सूरतगढ़, नगरोटा, चंडीगढ़ पर हमले की कोशिश की गई थी, लेकिन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमलों को पूरी तरह नाकाम कर दिया।

भारत-पाकिस्तान के बीच गोलाबारी रोकने पर सहमति हुई है, लेकिन भारत ने पाकिस्तानी जनरल आसिम मुनीर को माफ नहीं किया है। 12 मई 12 बजे तक पाकिस्तान निगरानी पर रहेगा। पाकिस्तान को वक्त दिया गया है। अगले 40 घंटे पाकिस्तान के लिए बहुत जरूरी हैं। पाकिस्तान ने एक और साजिश की या आतंकी हमला किया तो फिर सारी बात बिगड़ जाएगी। इसके बाद जो होगा, उसका अंदाजा पाकिस्तान को कल रात से आज दोपहर तक समझ में आ चुका है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1857 की क्रांति के वीर सपूतों को किया नमन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 10 मई 1857 की ऐतिहासिक क्रांति दिवस पर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों और देशभक्तों को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि यह दिन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है, जब मां भारती की स्वतंत्रता का बिगुल पहली बार फूंका गया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया %एक्स% पर कहा कि आज उन सभी विभूतियों, सेनानियों और पराक्रमी शूरवीरों को कोटि-कोटि नमन, जिन्होंने मातृभूमि को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 10 मई 1857 के दिन को भारतीय जनमानस की स्वतंत्रता की चेतना का जागरण दिवस बताते हुए कहा कि अंग्रेजी शासन की षड्यंत्रकारी नीतियों और राज्य हड़पने की साजिशों के खिलाफ 10 मई 1857 को सशस्त्र क्रांति की ज्वाला धधक उठी थी।

# म.प्र.राज्य कयाकिंग-कनोइंग अकादमी के खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी ने जीता स्वर्ण पदक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** एशिया पेसिफिक स्प्रिंट कप 2025 का आयोजन 11 मई 2025 तक कीबा लेक कोमस्तु इशिकावा जापान में किया जा रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल अकादमी भोपाल के कयाकिंग केनोइंग खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी में अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जापान स्थित कीबा लेक कोमस्तु इशिकावा में आयोजित एशिया पेसिफिक स्प्रिंट कप में म.प्र. क्याकिंग केनोइंग अकादमी के खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी ने सी-1 की 1000 मीटर पुरूष स्पर्धा में 04ः30.198 का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में इस स्पर्धा में जापान के कोटारो सवाटा ने 04ः32.378 का समय लेकर रजत और कांस्य पदक जापान के ही खिलाड़ी फुमिया अंडो ने 04ः33.818 का समय लेकर हासिल किया। खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने खेल अकादमी के कयाकिंग-केनोइंग खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी के खेल प्रदर्शन की सराहना कर उन्हें इस गौरवान्वित उपलब्धि की बधाई दी है।

# मध्यप्रदेश 9 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 18 पदकों के साथ चौथे स्थान पर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** दिनांक 4 से 15 मई 2025 तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन बिहार में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ी खेल का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश 09 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य सहित कुल 18 पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। शुक्रवार को शूटिंग खेल के प्रारंभिक मुकाबले खेले गये। इसमें 10 मी. एयर रायफल मिक्स्ड टीम और शूटिंग शाटगन के मुकाबले खेले गये। शूटिंग रायफल, पिस्टल और शॉटगन के फायनल मुकाबले खेले जायेंगे। प्रातः 11ः00 बजे से दोपहर 12ः30 तक शूटिंग पिस्टल के 25 मी. स्पोर्ट्स पिस्टल वूमेन के मुकाबले खेले जावेंगें, जिसमें मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अंचल सिंह प्रतिभागिता करेंगें। बॉक्सिंग, फेंसिंग, वेटलिफ्टिंग और वूमेन हॉकी के प्रारंभिक मुकाबले भी खेले जायेंगे।

# नागरिक देवों भवः के सिद्धांत पर अधिकारी करें कार्यः राज्यपाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों से कहा कहा है कि अतिथि देवों भवः के लोकाचार के समान नागरिक देवों भवः के सिद्धांत पर कार्य करने वाले अधिकारी के रूप में पहचान बनाएं। केवल प्रशासक के रूप में नहीं, विकसित भारत के वास्तुकार की तरह जिम्मेदारियों को समर्पण और करुणा के साथ पूरा करें।

राज्यपाल श्री पटेल आर.सी.व्ही.पी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के प्रशिक्षु परिवीक्षाधीन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल से भारतीय प्रशासनिक सेवा वर्ष 2024 के मध्यप्रदेश कॉडर के अधिकारियों ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री के.सी. गुप्ता मौजूद थे।



राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश जनजातीय बहुल राज्य है। इसका विकास तभी संभव है, जब जनजातियों के कल्याण और विकास के प्रयासों में सहानुभूति और समानुभूति हो। उन्होंने कहा कि गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज हमारी जो नीतियाँ है, जो निर्णय हुए है और जो काम वह कर रहे है, वह अगले हजार वर्षों के भविष्य को आकार देने वाले हैं। समय की मांग है कि प्रशासनिक अधिकारी कार्य प्रक्रिया और नीति निर्माण आने वाले वर्षों के समग्र भारत के विकास के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के अनुसार करें। भारत के समग्र विकास का मतलब यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी गांव, कोई भी परिवार और कोई भी नागरिक विकास के पथ पर पीछे नहीं छूटे। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी को सेवक के भाव से कार्य करना चाहिए। व्यवहार और भाषा में विनम्रता और संवेदनशीलता जरूरी है। गरीबी, अभाव और अज्ञानता से जूझ रहे लोगों तक विकास को पहुँचाना प्रशासनिक अधिकारियों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि वंचितों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकसित भारत अभियान के द्वारा पूरी सरकार उनके द्वार पर पहुँची थी। राज्यपाल के रूप में स्वयं उन्होंने 21 जिलों में भ्रमण किया था। उन्होंने कहा कि अधिकारी के रूप में आपको वंचितों के प्रति सहानुभूति और समानुभूति के साथ कार्य करना होगा, इसलिए सबसे पिछड़े क्षेत्र और व्यक्तियों तक पहुँचने को प्राथमिकता दे। उनके अभावों, अपेक्षाओं और आवश्यकता का अनुभव करें। उनको दूर करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान ऐसे पालक मिलेंगे जो स्कूल दूर होने के कारण बच्चों को स्कूल नहीं भेज रहे होंगे। उनकी समस्या के समाधान में आपका सहयोग बहुत जरूरी है। उनको अपने व्यवहार से बताए कि आप उनके सेवक है। राज्यपाल श्री पटेल ने वंचित के घर पीने के लिए पानी मांगने का दृष्टांत सुनाया। अधिकारी ने वंचित वर्ग के घर पहुँच कर पीने का पानी मांगा। देर से पानी आने पर पीने से पहले विलंब का कारण पूछा, जब पता चला कि पानी का बर्तन मांग कर लाने के कारण विलंब हुआ है तो उन्होंने पानी नहीं पिया। कहा कि वह घर में उपलब्ध बर्तन में ही पानी पिएंगे। अधिकारी की इस चैतन्यता और व्यवहार ने उसके सामने बस्ती के वंचितों की स्थिति का पूरा खाका खींच दिया। साथ ही परिवार के साथ आत्मीयता के संबंध से वास्तविक स्थिति का फीडबैक भी प्राप्त कर लिया।

# जनजातीय शिल्प को प्रोत्साहित करने के लिये प्रत्येक संभाग में खोले जायेंगे ट्रायबल मार्ट-मंत्री डॉ. शाह



**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जनजातीय कार्य एवं गैस राहत मंत्री डॉ. कुँवर विजय शाह ने कहा कि जनजातीय शिल्प को बाजार उपलब्ध कराने के लिये संभाग एवं ट्रायबल के 20 जिलों में ट्रायबल मार्ट खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि जनजातीय कलाकारों को उनके उत्पाद का पूरा मूल्य नहीं मिल पाया। सभी शिल्पकारों और कलाकारों को उनके उत्पाद के माध्यम से उचित मूल्य दिलाकर उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सुदृढ़ और सशक्त बनाया जायेगा। मंत्री डॉ. शाह शुक्रवार को रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय जनजातीय शिल्पग्राम महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर अतिथि कलाकारों को संबोधित कर रहे थे। तीन दिवसीय शिल्प महोत्सव में प्रदेश के जनजातीय कलाकारों द्वारा निर्मित विभिन्न शिल्प कलाओं का प्रदर्शन किया जा रहा है।

मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि जनजातीय स्वरूप को संरक्षित करने की आवश्यकता है। जनजातीय वर्ग की पहचान उनके विशेष पहनावे, भोजन, वस्त्रों, नृत्य, संगीत और वाद्य यंत्रों के माध्यम से भी की जाती है। उनकी पारंपरिक वेषभूषा एवं तीज-त्यौहारों के महत्व को हम समझते हैं। परन्तु आधुनिकता के साथ उनकी यह पारंपरिक पहचान लुप्त सी होने लगी हैं।

# आयुष विभाग ने समस्त आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं को आपातकालीन स्थिति के लिए, तैयार रहने के लिए जारी किए निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** केंद्रीय आयुष मंत्रालय के निर्देशों के अनुपालन में, प्रदेश के आयुष विभाग ने समस्त आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं को आपातकालीन स्थिति के लिए तैयारी के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

उप संचालक आयुष डॉ. राजीव मिश्र ने बताया कि प्रदेश की समस्त आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं को पूर्ण क्षमता के साथ क्रियाशील रहने को निर्देशित किया गया है। यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि समस्त आयुष चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं सहायक कर्मचारी ड्यूटी पर उपस्थित रहें और वर्तमान स्थिति में अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाए। डॉ. मिश्र ने बताया कि एम्बुलेंस, उपलब्धतानुसार मोबाइल चिकित्सा इकाई एवं अन्य आपातकालीन वाहन, आवश्यक जीवन रक्षक उपकरणों सहित तत्पर अवस्था में रखने के निर्देश दिए गए हैं। औषधियों की उपलब्धता की सतत् समीक्षा करने एवं आवश्यकता पड़ने पर संचालनालय को तत्काल अवगत कराने को कहा गया हैं। डॉ. मिश्र ने बताया कि समस्त आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक चिकित्सीय उपकरण, स्ट्रेचर, रिएजेन्ट, ऑक्सीजन, जीवन रक्षक प्रणाली की उपलब्धता और चिकित्सालयों में शैय्या की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सालयों में उपलब्धता अनुसार ऑपरेशन थियेटर के संचालन के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता, पैथालॉजी लैब का उपलब्धतानुसार संचालन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। आयुष स्वास्थ्य संस्थाओं में जहां ब्लड बैंक उपलब्ध हैं, वहां आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिला आयुष कार्यालय अधीनस्थ एवं आयुष महाविद्यालय अधीनस्थ आयुष मानव संसाधन एवं पैरामेडिकल स्टॉफ का उन्मुखीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। निजी आयुष चिकित्सालयों एवं शिक्षण चिकित्सालयों का इस संबंध में संवेदीकरण करने को कहा गया है। साइबर सुरक्षा के संबंध में संबंधित स्टॉफ को संवेदनशील रहने के लिए भी निर्देशित किया गया है। अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं/स्वयं सेवकों की पहचान तथा प्रमुख स्वयंसेवी संस्थाओं/प्रमुख सामुदायिक संगठन के साथ समन्वय स्थापित करने को भी कहा गया है, विशेष रूप से उन संस्थाओ से जिनके सदस्य प्रथम प्रत्युरकर्ता के रूप में प्रशिक्षित हैं।

# लंबित बिजली बिलों की वसूली की कार्य-योजना बनायें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित बिजली बिलों की वसूली के लिये सुनियोजित कार्य-योजना बनायें। उन्होंने कहा कि बिजली बिल वसूली की त्रैमासिक समीक्षा करेंगे।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें और इसका क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करें। लाइन लॉसेस कम करने के लिये लक्ष्य तय करें। साथ ही अवैध बस्तियों में स्थायी बिजली कनेक्शन देने के संबंध में सभी पहलुओं का अध्ययन कर योजना बनायें।

मंत्री श्री तोमर ने वितरण ट्रांसफार्मर में मीटरीकरण समय-सीमा में कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ई-केवाईसी, उद्योग मित्र योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिये।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पड़ोसी देश के साथ चल रहे तनाव के मद्देजनर किसी भी घटना-दुर्घटना पर कड़ी नजर रखें। हर हाल में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। विद्युत व्यवधान नहीं होना चाहिये। जिला प्रशासन के सतत सम्पर्क में रहें, किसी भी स्तर पर मिस कम्युनिकेशन नहीं होना चाहिये।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मण्डलोई ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी।

इस अवसर पर एमडी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी श्री अविनाश लवानिया, एमडी मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी श्री क्षितिज सिंघल उपस्थित रहे। बैठक में एमडी पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी श्री अनय द्विवेदी, एमडी पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी श्री अनूप सिंह, एमडी ट्रांसको श्री सुनील तिवारी और एमडी जनरेशन कम्पनी श्री मंजीत सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे।

# मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है आगे-कृषि मंत्री कंषाना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश ने कृषि के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। साथ ही फसलों के उत्पादन में रिकार्ड बनाया। प्रदेश को लगातार 7 बार कृषि कर्मण अवार्ड मिला है। मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि प्रदेश दालों के उत्पादन में प्रथम स्थान पर, खाद्यान उत्पादन में द्वितीय स्थान पर एवं तिलहन उत्पादन में तृतीय स्थान पर है। तृतीय फसली क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हो रही है। नरवाई जलाने को हतोत्साहित करने कुछ प्रतिबंध भी लगाये गये है। इसमें नरवाई जलाने की घटना वाले कृषकों को आगामी एक वर्ष के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार रूपये का भुगतान नहीं किये जाने साथ ही आगामी एक वर्ष के लिए उनकी उपज का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं करना भी शामिल है। राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में कृषि उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण अंतर्गत कई कार्यक्रम किये जा रहे है, जिससे प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। खरीफ 2024 के धान उत्पादक कृषकों को जिन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया है।

# समस्याओं का समाधान समय-सीमा में करें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा क्षेत्र की सोनागिरी सहित अन्य कालोनियों में रहवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने अधिकारियों को एक निश्चित समय-सीमा में समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। स्थानीय रहवासियों ने सड़कों के निर्माण, सीवेज नेटवर्क के सुधार सहित अन्य ज़रूरी माँगों के संबंध में राज्यमंत्री श्रीमती गौर का ध्यान आकृष्ट कराया।



राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि जरूरतमंदों की थाली में स्वाद, सम्मान और संपूर्ण पोषण बना रहे, इसी भावना से वह दीनदयाल रसोई घर, सोनागिरी का निरीक्षण कर रही हैं।

उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, सफाई और संचालन संबंधी दिशा-निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अयोध्या बायपास स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर आवास आवंटन सुनिश्चित किया जाए, जिससे योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर मिल सके।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अयोध्या एक्सटेंशन लेक सिटी में भ्रमण कर नागरिको से भेंट की। क्षेत्र में अवैध बिजली कनेक्शन, सीवेज नेटवर्क को लेकर कुछ समस्या लोगों ने बताई, जिसके निराकरण के लिए उन्होंने त्वरित निर्देश दिए। अयोध्या एक्सटेंशन हाउसिंग बोर्ड एंव अयोध्या एक्सटेंशन सी-सेक्टर के रहवासियों से जनसंवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। पेयजल पाइप-लाइन में लीकेज की जानकारी मिलते ही संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। यहां के रहवासियों ने पार्क की फेंसिंग कर सौंदर्यीकरण की मांग की और महिलाओं ने रात के समय पुलिस गश्त नहीं होने की शिकायत की।

# खनिज साधन विभाग द्वारा विीय वर्ष 2024-25 में 10 हजार 290 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में खनिज साधन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनेक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। विभाग द्वारा 10 हजार 290 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त किया गया है, जो अभी तक प्राप्त खनिज राजस्व में सबसे अधिक है। मध्यप्रदेश खनिजों की खोज एवं भण्डारण प्रमाणन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य है।

खनिज साधन विभाग द्वारा खनिजों की खोज के लिये पूर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत प्रदेश में 76 क्षेत्रों पर खनिजों की खोज एवं भण्डारण प्रमाणन के लिये अन्वेषण कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में इस क्षेत्र में अग्रणी राज्य है। इन क्षेत्रों में से 30 क्षेत्रों में स्ट्रेटेजिक एवं क्रिटिकल मिनरल्स में रॉक-फास्फेट, ग्रेफाइट, ग्लूकोनाइट, प्लेटिनम और दुर्लभ धातु के अन्वेषण का कार्य किया जा रहा है। अन्वेषण के बाद खनिज भण्डारण प्रमाणित होने पर इन क्षेत्रों को नीलामी में रखा जायेगा। खनिज साधन विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में 31 मुख्य खनिज ब्लॉक सफलतापूर्वक नीलाम किये गये, जो कि पूर्व में किसी वित्तीय वर्ष में किये गये खनिज ब्लॉक की नीलामी से सर्वाधिक हैं। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में किये गये नीलामी प्रावधान के बाद प्रदेश में 100 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गयी। यह संख्या देश में सर्वाधिक है। भारत सरकार द्वारा जनवरी-2025 में आयोजित स्टेट माइनिंग मिनिस्टर कॉन्फ्रेंस में वित्तीय वर्ष 2023-24 में खनिज ब्लॉकों की नीलामी में अनुकरणीय कार्य किये जाने के लिये खनिज साधन विभाग को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। माइनिंग कॉन्क्लेव-2024 भोपाल में विभाग द्वारा खनिज आधारित उद्योगों में निवेश को प्रोत्साहित करने एवं खनन क्षेत्र में उपयोगी नवीन तकनीक को साझा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर की माइनिंग कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस कॉन्क्लेव में खनन क्षेत्र की 33 कम्पनियों तथा 1500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। खनिज साधन विभाग द्वारा रेत खदानों का निवर्तन के अंतर्गत ई-निविदा सह नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न जिलों में 38 रेत समूहों के संचालन के लिये माइन डेवलपर एवं ऑपरेटर का चयन किया गया। मध्यप्रदेश राज्य खनिज निगम द्वारा 728 रेत खदानों के संचालन के लिये आवश्यक वैधानिक अनुमतियाँ प्राप्त की गयीं। विभाग द्वारा जिला खनिज प्रतिष्ठान के अंतर्गत प्राप्त राशि से खनन प्रभावित जिलों में विभिन्न विकास कार्यों के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 में 478 करोड़ रुपये के 4208 कार्य स्वीकृत किये गये। इसी वित्तीय वर्ष में पूर्व से चल रहे 2120 कार्यों, जिनकी लागत 653 करोड़ रुपये थी।

# ग्रीन एनर्जी पर ध्यान दें अन्यथा बच्चों को बैग की जगह ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा-ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** हम सबका का कर्त्तव्य है कि भावी पीढ़ी की सुरक्षा और उनको सुरक्षित वातावरण देने के लिये क्लीन एनर्जी - ग्रीन एनर्जी को प्रोत्साहित करें। अगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो बच्चों को स्कूल बैग की जगह ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर चलना पड़ेगा। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह विचार भोपाल में आयोजित चौथे नेशनल सस्टेनेबल एनर्जी एनोवेशन कॉन्क्लेव में व्यक्त किये। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यह कॉन्क्लेव न केवल ऊर्जा क्षेत्र के नवाचारों को प्रोत्साहित करेगा बल्कि एक स्थायी और सुरक्षित भविष्य की दिशा में हमारे प्रयासों को नई गति देगा।

मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यह कॉन्क्लेव ऊर्जा के समाधान पर विचार विमर्श के लिये एक अच्छा अवसर है। बढ़ती ऊर्जा मांग और जलवायु चुनौतियों के बीच ऐसे प्रयास सुरक्षित भविष्य के लिये बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ऊर्जा सशक्तिकरण के लिये तकनीकी नवाचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि कॉन्क्लेव में निकलने वाले निष्कर्षों का क्रियान्वयन हर स्तर पर होना चाहिए, तभी यह सार्थक होगा।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आज के डिजिटल युग में जैसे-जैसे ऊर्जा प्रणालियां डिजिटल हो रही हैं, वैसे-वैसे इनकी साइबर सुरक्षा भी जरूरी हो गयी है। कॉन्क्लेव में ऊर्जा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार करना जरूरी है। ऊर्जा मंत्री ने इस दौरान लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश उत्तरोत्तर विकास कर रहा है। ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी पर स्थापित किये गये फ्लोटिंग सोलर प्लांट सहित रीवा और नीमच में वृहद स्तर के सोलर प्लांट बनाये गये हैं।

# खेत-तालाब के निर्माण में सीहोर जिले ने पेश की मिसाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में बारिश के पानी का संचयन करने और पुराने जल स्त्रोतों को नया जीवन देने के लिए प्रदेश में 90 दिवसीय जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसमें प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा अंतर्गत खेत-तालाब, कूप रिचार्ज पिट, अमृत सरोवर सहित अन्य निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। सीहोर जिले ने बड़े पैमाने पर खेत-तालाब बनाने की मिसाल पेश की है। इस वर्ष 2025 में 687 से अधिक खेत तालाब प्रारंभ हो चुके हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सीहोर जिले में लगभग 1670 खेत-तालाब के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 687 पर कार्य प्रारंभ हो गया है। इसी प्रकार 2600 कूप रिचार्ज पिट का निर्माण किया जाना है। निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा 2250 कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें से 1440 पर कार्य भी प्रारंभ हो गया है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिलों में चल रहे कार्यों की मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद द्वारा लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ के सम्मेलन का किया शुभारंभ

# पशुपालन से ही खेती लाभ का व्यवसाय बनेगा






**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने होटल विजय विलास में आयोजित प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ के सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि निराश्रित और बीमारी गौवंश की सेवा तथा पुनर्वास वर्तमान समय की बड़ी चुनौती है। सरकार आधुनिक गौशालाओं का निर्माण कराकर निराश्रित गौवंश को आश्रय देने तथा खेती को बचाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश भर में बड़ी संख्या में उन्नत गौशालाओं का निर्माण किया जा रहा है। इनमें हजारों गायों को नया जीवन मिलेगा। इस अभियान में निजी क्षेत्र की भी भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। गौमाता की सेवा से ही मानव जाति का कल्याण होगा। अगर गौमाता बेसहारा रही तो मानव जाति का भविष्य सुरक्षित नहीं होगा। रीवा में बसामन मामा गौवन्य विहार में सात हजार से अधिक निराश्रित गायों को आश्रय दिया गया है। इन गायों की सेवा में पशु चिकित्सक बड़ी तत्परता और लगन से कार्य कर रहे हैं। शीघ्र ही हिनौती में भी आधुनिक गौशाला शुरू होगी जिसमें लगभग 25 हजार गौवंश को रखने का लक्ष्य रखा गया है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पशुपालन को आधुनिक और व्यवस्थित बनाना आवश्यक है। पशुपालन को अपनाकर ही किसान खेती को लाभ का व्यवसाय बना सकेंगे। गौवंश को दूध न देने पर बेसहारा छोड़ने की मानसिकता है। गौमाता यदि दूध नहीं दे रही है तो भी उसका गोबर और गौमूत्र बहुमूल्य है। गौमाता में देवताओं का वास माना जाता है। इसलिए गोबर का उपयोग पूजा में भी किया जाता है। आधुनिक गौशालाओं में गोबर से अनेक उपयोगी वस्तुएं बनाने के साथ सीएनजी प्लांट लगाए जा रहे हैं। पशु चिकित्सकों की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉक्टर तो रोगी से पूछकर उसका इलाज करते हैं। पशु चिकित्सक बेजुबान पशुओं के लिए भगवान की तरह हैं। समारोह में पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री श्री लखन पटेल ने कहा कि पशुपालन विभाग को विभिन्न नवाचारों के माध्यम से आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सदैव पशुपालन विभाग को प्राथमिकता दी है। डेयरी के विकास के लिए बाबा साहब अंबेडकर गौ संवर्धन योजना लागू की गई है। इसमें कम से कम 25 दुधारू पशु की एक यूनिट बनाई गई है। प्रत्येक यूनिट पर पशुपालक को अनुदान दिया जा रहा है। इस योजना से डेयरी व्यवसाय को नया आयाम मिलेगा। अभी प्रदेश में 10 लाख लीटर दूध का प्रतिदिन संग्रहण होता है। इसे 50 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। समारोह में पशु चिकित्सा अधिकारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में मंत्री श्री पटेल ने कहा कि मेडिकल के डॉक्टरों की तरह पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी सभी सुविधाएं दी जाएंगी। इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। पशु चिकित्सा संघ की सभी उचित मांगे पूरी की जाएंगी। पशु चिकित्सा अधिकारियों का कार्य मानव के डॉक्टरों से अधिक कठिन और महत्वपूर्ण है। प्रदेश में हेल्पलाइन 1962 की गाड़ियों से पशुओं का उपचार बेहतर हुआ है। इन गाड़ियों की संख्या दुगनी करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में निराश्रित गौवंश बड़ी चुनौती हैं। बेसहारा गायों के लिए प्रदेश में 22 स्थानों पर शीघ्र ही आधुनिक गौशालाओं का संचालन शुरू हो जाएगा। सरकार दो वर्षों में सभी बेसहारा गायों को गौशाला में व्यवस्थित कर देगी तब सड़कों पर गौवंश नहीं दिखेगा। गौशालाओं को पर्यटन स्थल और तीर्थ स्थल की तरह विकसित करेंगे।

समारोह में पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ मनोज गौतम ने कहा कि सरकार ने गौशाला के गौवंश के लिए 20 रुपए प्रतिदिन से राशि बढ़ाकर 40 रुपए कर दी है। इसी तरह आधुनिक डेयरी निर्माण के लिए भी ऋण और अनुदान का लाभ दिया जा रहा है। पशु चिकत्सा अधिकारियों को भी मेडिकल डॉक्टरों के समान सुविधाएं मिलनी चाहिए। उनकी सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष किया जाना आवश्यक है। समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि मानव में कई रोग पशुओं के माध्यम से पहुंचते हैं। मानव के स्वस्थ रहने के लिए सभी पालतू पशुओं का स्वस्थ रहना आवश्यक है। मानव और पशुओं की स्वास्थ्य रक्षा तथा पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया है। पशुपालन खेती से भी पुराना व्यवसाय है। पशुपालन गरीब से गरीब व्यक्ति से लेकर बड़े-बड़े उद्योगपतियों को भी रोजगार का अवसर दे रहा है।

कार्यशाला में डॉ अरूणेन्द्र शुक्ला ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पूर्व महापौर श्री राम सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष मऊगंज श्री राजेन्द्र मिश्रा, पशु चिकत्सा चिकित्सक संघ के सचिव डॉ नीलेश देसाई, डॉ केके पाण्डेय, डॉ साकेत मिश्रा, डॉ प्रकृति मिश्रा, डॉ वीरेन्द्र विक्रम सिंह तथा रीवा और शहडोल संभाग के सभी जिलों के पशु चिकित्सा अधिकारी शामिल रहे। समारोह में अतिथियों और सेवानिवृत्त पशु चिकित्सा अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का संचालन श्री अवनीश शर्मा ने किया।

## स्वर्गीय अवधेश सिंह अंडर 22 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ए.पी.एस स्टेडियम में हो रहा स्वर्गीय अवधेश सिंह अंडर 22 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ए.पी.यस के द्वारा स्ट्रीडियम में दिनांक 10 मई से प्रारम्भ हुआ है। जिसके उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर बाघेलान विधायक श्री विक्रम सिंह नगर निगम रीवा कमिशनर श्री सौरभ सोनबड़े ,वार्ड 9 के पूर्व पार्षद सतीश सिंह , आर पी सिंह जी। अतिरिक्त संचालक। एवं गौरव तिवारी पूर्व राष्ट्रीय मंत्री, राम भूषण मिश्रा अधीक्षक ए पी एस रीवा उपस्थित थे। इस टूर्नामेंट में दस 8 टीमों ने भाग लिया है जिसमें आज का मुकाबला श्री। शैलेन्द्र एसोसिएट्स। 1ह्य अजय` वॉरियर्स बीच खेला गया आज के क्रिकेट को स्र्र ने जीत दर्ज की एंव आज के मैन ऑफ़ द मैच ऋषभ हुए। जीत की बधाई स्र्र के ओनर संजीव सिंह रिंकू ने सभी टीम सदस्यों को दी।

## हर आपात स्थिति के लिए सजग और तैयार है स्वास्थ्य विभाग

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** वर्तमान परिस्थितियों तथा आसन्न कठिनाईयों को देखते हुए रीवा जिले में स्वास्थ्य विभाग हर आपात स्थिति के लिए सजग और पूरी तैयार है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार जिला और विकासखण्ड स्तर पर आपात स्थिति के लिए उपचार की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। जिला स्तर पर रैपिड एक्शन टीम, दवाईयों तथा उपकरणों के साथ 24 घण्टे तैनात है। रीवा शहर की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को स्थाई प्राथमिक उपचार केन्द्र के रूप में निर्धारित कर दिया गया है। सभी बीएमओ तथा अन्य मेडिकल आफीसरों को जिले की आपातकाल रेफरल व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। आपातकालीन उपचार सुविधा के लिए 108 एंबुलेंस तथा सभी जननी सुरक्षा योजना के वाहनों को एलर्ट मोड पर रखा गया है। इनमें चिकित्साकर्मी तथा टेक्नीशियन जीवनरक्षक दवाओं के साथ तैनात कर दिए गए हैं। जो वाहन सुधार योग्य हैं उनमें तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी तरह की आपात सेवा की आवश्यकता होने पर 108 एंबुलेंस पर फोन किया जा सकता है। सेवा प्राप्त होने में किसी भी तरह की कठिनाई होने पर 108 सेवा के नोडल अधिकारी ऋषिराज गौतम के मोबाइल नम्बर 9425608569 पर संपर्क करके वांछित सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि शासन के निर्देशों के अनुसार सभी चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। सभी चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी अनिवार्य रूप से निर्धारित मुख्यालय में उपस्थित रहें। आवश्यकता होने पर आपातकालीन उपचार सुविधा तत्काल उपलब्ध कराएं।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने चार सचिवों को किया निलंबित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने रायपुर कर्चुलियान जनपद पंचायत के चार लापरवाह ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। निलंबन अवधि में इन सभी का मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय रायपुर रहेगा। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब निर्माण, हैण्डपंप तथा कुंओं में रिचार्ज पिट बनाने, मनरेगा में मजदूरों को रोजगार का अवसर देने एवं ई केवाईसी में लापरवाही बरतने एवं 9 मई को रायपुर कर्चुलियान में आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहने पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव उलहीखुर्द नर्मदा प्रसाद साकेत, ग्राम पंचायत सचिव देवरा फरेदा अशोक सिंह, ग्राम पंचायत सचिव भौवार कृपानिधान दुबे तथा ग्राम पंचायत सचिव झांझर युवराज सिंह के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है।

## 72 पंचायतों के सचिवों तथा जीआरएस को दिया नोटिस

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने 9 मई को जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के सभागार में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग की मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल खेत तालाब निर्माण, रिचार्ज पिट बनाने तथा अन्य जल संरक्षण के कार्यों में रूचि न दिखाने पर 72 ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। नोटिस का दो दिवस में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि तीन खेत तालाब तथा 10 रिचार्ज पिट बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत का लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। जनपद की 72 ग्राम पंचायतों में से समय पर तकनीकी और प्रशासकीय स्वीकृति जारी न करके निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई है। इससे शासन की उच्च प्राथमिकता में शामिल जल गंगा संवर्धन अभियान की लक्ष्य पूर्ति में बाधा आई है, जिसके कारण नोटिस दिया गया है।


## उचित मूल्य दुकान बदरांव व कोनियाखुर्द निलंबित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी में लापरवाही बरतने पर दो उचित मूल्य दुकानों को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा ने ममता स्वसहायता समूह द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान बदरांव को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। एसडीएम त्योंथर संजय जैन ने सेवा सहकारी समिति कुठिला द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कुठिला को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। इन दुकानों से खाद्यान्न वितरण के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई है। उचित मूल्य दुकान बदरांव को सेवा सहकारी समिति बदरांव तथा उचित मूल्य दुकान कोनियाखुर्द को कोटराखुर्द से संबद्ध कर दिया गया है।

## सात ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के सात ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जनपद पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में अनुपस्थित रहने पर ग्राम पंचायत भौवार के रोजगार सहायक राजेश चतुर्वेदी, उमरिहा की श्रीमती श्रद्धा पाण्डेय, सुरसाखुर्द के राहुल तिवारी, बरा के वरूण मिश्रा, मनिकवार नम्बर दो की श्रीमती शालू शुक्ला, मेथौरी के जावेद खान, जरहा पंचायत की रोजगार सहायक श्रीमती सविता पाण्डेय सहित डाटा इंट्री आपरेटर हनुमना विकास कुमार द्विवेदी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## आदिगुरू शंकराचार्य ने भारतीय समाज को समरस व एकरूप बनाया: स्वामी तुलसीदास



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रशासन के सहयोग से जन अभियान परिषद द्वारा पूरे प्रदेश में आदिगुरू शंकराचार्य के जीवन तथा अद्वैत दर्शन पर आधारित कार्यक्रमों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। क्रम में जवा विकासखण्ड के पनवार कुटी आश्रम में आयोजित व्याख्यान माला का शुभारंभ पूज्य संत स्वामी तुलसीदास जी ने किया। इस अवसर पर स्वामी तुलसीदास जी ने कहा कि आदिगुरू शंकराचार्य ने जहाँ एक ओर भारतीय समाज को अद्वैत दर्शन के विचार दिए, वहीं दूसरी ओर उन्होंने एक ईश्वरबाद का सिद्धांत देते हुए समाज को समरस व समानता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि आदिगुरू ने देश के चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। जिससे हर नागरिक अपने देश व संस्कृति को जान सके व उसे आत्मसात कर सके। आदिगुरू के विचारों और प्रयासों से सनातन धर्म का पुनः उत्थान हुआ। सोये हुए जनमानस में सनातन धर्म के प्राणों का संचार हुआ। आदिगुरू शंकराचार्य ने सनातन धर्म को समाज और देश ही नहीं पूरी दुनिया में प्रतिष्ठा दी।

व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ विचारक व समाजसेवी अखिलेश सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने व संगठित करने का संदेश देते हैं। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक के कहा कि,जन अभियान परिषद द्वारा पूरे प्रदेश में आदिगुरू शंकराचार्य जी जीवन के कृतित्व व दर्शन पर आधारित व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रम के माध्यम से आदिगुरू के संदेशो से आमजनों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। व्याख्यान कार्यक्रम को कृष्णेन्द्र तिवारी, अमित अवस्थी, नगर पंचायत डभौरा के अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय गुप्ता, ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विकासखंड प्रभारी राजेश अवधिया, धीरेंद्र शुक्ल, नवांकुर संस्था संस्था प्रतिनिधि भूपनारायण मिश्रा, अरुण तिवारी, विनय सिंह, सतेंद्र सिंह, परामर्शदाता सुधा पाण्डेय, हरगोविंद द्विवेदी, रीता सिंह, शिरीष तिवारी, एवम प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, समाजसेवी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने व्यक्त की शोक संवेदना



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने वार्ड क्रमांक पाँच ढेकहा निवासी समाजसेवी हरिहर प्रसाद मिश्रा की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री ने उनके घर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाया।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विकासखण्डों में करेंगे समीक्षा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर विकासखण्डों में आयोजित बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक 11 मई को दोपहर बाद 3 बजे से त्योंथर तथा 12 मई को सुबह 11 बजे से रीवा विकासखण्ड कार्यालय में आयोजित की गई है। इसी तरह 12 मई को दोपहर 3 बजे से विकासखण्ड कार्यालय नईगढ़ी तथा 14 मई को विकासखण्ड कार्यालय मऊगंज में दोपहर बाद 3 बजे से बैठक आरंभ होगी। इन बैठकों में जल गंगा संवर्धन अभियान, मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेयजल व्यवस्था, सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा समग्र ई केवाईसी अपडेशन की समीक्षा की जाएगी। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज विभिन्न बैठकों का आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 11 मई को सुबह 9 बजे बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में बैठक लेकर बसामन मामा गौवंश वन्य विहार एवं हिनौती गौधाम में चल रहे निर्माण कार्यों एवं संचालित गतिविधियों की समीक्षा करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल सुबह 10.30 बजे गौ अभ्यारण्य से प्रस्थान कर रीवा आएंगे तथा स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री शाम 5 बजे नवीन सर्किट हाउस रीवा में बहुती, नईगढ़ी एवं हनुमना सहित अन्य नहर परियोजनाओं के कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करेंगे।

# नेशनल लोक अदालत में 1326 प्रकरणों का किया गया निराकरण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते के तहत प्रकरण निराकरण के लिए जिला एवं तहसील न्यायालयों में कुल 43 खंडपीठों का गठन किया गया था। जिसमें प्रीलिटिगेशन के 785 प्रकरणों का निराकरण किया गया और 7058729 की अवार्ड राशि पारित की गई। वहीं 541 लंबित प्रकरणों के निराकरण में 56216878 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई। नेशनल लोक अदालत में इस तरह कुल 1326 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं 33275607 रुपये की अवार्ड राशि पारित की गई।

नेशनल लोक अदालत में दाण्डिक के 150 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार चेक बाउंस के 114, मोटर क्लेम के 148, सिविल के 20, पारिवारिक विवाद के 25, विद्युत संबंधी 119, उपभोक्ता फोरम के दो, श्रम के एक तथा अन्य लंबित 60 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत में किया गया। इसी प्रकार विद्युत प्रकरण प्रिलिटिगेशन के 35, बैंक प्रिलिटिगेशन के 203, जल कर प्रिलिटिगेशन के 537 तथा अन्य प्रिलिटिगेशन के 10 प्रकरणों का निराकरण हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीवा श्री राकेश मोहन प्रधान ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ए0डी0आर भवन में दीप प्रजज्जवलन कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लोक अदालत प्रभारी श्री सुरेन्द्र कुमार विशेष न्यायाधीश, श्री समीर कुमार मिश्रा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री अविनाश चंद्र तिवारी प्रधान न्यायाधीश, श्री असरफ अली जिला न्यायाधीश, श्री सुधीर सिंह राठौड जिला न्यायाधीश, श्री संदीप श्रीवास्तव जिला न्यायाधीश, श्री मोहित कुमार जिला न्यायाधीश, श्री आशीष कुमार शुक्ला जिला न्यायाधीश, श्री शरद कुमार गुप्ता जिला न्यायाधीश, श्री अनुज त्यागी जिला न्ययायधीश, श्री सुधीर सिंह ठाकुर जिला न्यायाधीश, श्री वारीन्द्र कुमार तिवारी जिला न्यायाधीश, श्री आशीर्वाद भिलाला जिला न्यायाधीश, श्री शशांक खरे जिला न्यायाधीश, श्री यशपाल सिंह जिला न्यायाधीश, श्री संतोष तिवारी जिला न्यायाधीश, श्रीमती अनु सिंह जिला न्यायाधीश, श्रीमती शिवानी शर्मा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्री पन्ना नागेश वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्री वरुण शर्मा वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्री दयाल सिंह सूर्यवंशी वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्री शैलेंद्र रैकवार वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्रीमती आरती तिवारी वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्री मुकेश कुमार कोरी वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, सुश्री कंचन सैनिक कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश, श्री रंजीत भदकरिया प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, श्री अखण्ड प्रताप सिंह एड. श्री देवीशंकर ओझा सचिव अधिवक्ता संघ, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री अभय कुमार मिश्रा, डिफेन्स कौन्सिल के श्री सुरेन्द्र सिंह, श्री मंजूर अहमद मंसूरी, श्री आनंद पाण्डेय, श्री अनीश पाण्डेय, श्रीमती आरती तिवारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पीडब्ल्य की प्रज्ञा जैस्वाल ने कक्षा 10 में टॉप किया



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** एजुकेशन कंपनी फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) के ने कक्षा 10वीं के मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के परिणामों में शानदार प्रदर्शन करने वाले अपने छात्रों की सफलता का जश्न मनाया। पीडब्ल्यू के 10 छात्र राज्य के टॉप 10 रैंकर्स में शामिल हैं। इस सूची में शामिल हैं - प्रज्ञा जैस्वाल(रैंक 1), आयुष द्विवेदी (रैंक 2), अनुराग कुमार साहू (रैंक 5), सौरभ त्रिपाठी और वैष्णवी शुक्ला (रैंक 6), वेदिका पटेल (रैंक 7), अभिमन द्विवेदी और आयुष प्रजापति (रैंक 8), शुभम तिवारी (रैंक 9), और वेदिका चौरसिया (रैंक 10)। ये सभी छात्र पीडब्ल्यू के उड़ान और रूद्र बोर्ड वाला बैचों का हिस्सा थे, जो बोर्ड के छात्रों को संरचित पढ़ाई और नियमित मूल्यांकन के माध्यम से मदद करते हैं। इसके अलावा, 248 छात्रों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वीं के परिणामों में भी पीडब्ल्यू के 4 छात्र टॉप 10 में शामिल हुए हैं - हर्ष पांडे (रैंक 2), राधा साहू (रैंक 8), जीवनलाल बाथरे (रैंक 9) और अनामिका पटेल (रैंक 10)। फिजिक्सवाला के संस्थापक और शिक्षक, अलख पांडे ने इस अवसर पर कहा, "ये परिणाम छात्रों की मेहनत और हमारे शिक्षण केंद्रों की सोच को दर्शाते हैं। हम देशभर के छात्रों को इसी तरह मार्गदर्शन और अनुभवी शिक्षकों की सहायता प्रदान करते रहेंगे।" सिंगरौली की प्रज्ञा जैस्वाल, जिन्होंने राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया, ने कहा, "मैं इतने अच्छे अंक लाकर बेहद खुश हूं। इसके लिए मैं अपने परिवार और पीडब्ल्यू की पूरी टीम का धन्यवाद करती हूं। उन्होंने मुझे पढ़ाई के लिए जरूरी स्ट्रक्चर और मोटिवेशन दिया। आगे चलकर मैं सिविल सर्विस में जाना चाहती हूं और देश की सेवा करना चाहती हूं।"

# विचार

## ‘आपरेशन सिंदूर’ एक सार्थक पहल और सख्त सन्देश

पहलगाम आतंकी हमले में सुहागनों के सिन्दूर को उजाड़ने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए ‘आपरेशन सिंदूर’ की सफलतम कार्रवाई हर भारतीय के सीने को गर्व से भरने वाली है। बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की कई सटीक, संयमित एवं नपी-तूली कार्रवाई पाकिस्तान को करारा सबक एवं सख्त संदेश है। निश्चित ही अब भारत की आत्मा पर होने वाले हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ‘आपरेशन सिंदूर’ में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान में मौजूद 90 आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत भीतर घूस कर मारता है, इस बार भी उसने बिना पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश किये, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया, जो बहुत सराहनीय कदम है, गौरवान्वित करने और जोश से भर देनेवाली साहसिक एवं अनूठी घटना है।

‘आपरेशन सिंदूर’ से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दर्शाते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया। ऑपरेशन को ‘ऑपरेशन सिंदूर’ नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था, पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद, यह जवाब भारतीय बहनों एवं सुहागिनों के लिए एक उचित प्रतिशोध है, जिन्होंने बर्बर आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया। भारत के बदले की कार्रवाई का समय भी महत्वपूर्ण है। एयर स्ट्राइक एक हिंदू परिवार में मौत के बाद शोक के 13 दिन (तेरहवीं) के बाद हुई और हमारी बहनों एवं पीड़ितों को उचित न्याय मिला है। भारतीय वायु सेना द्वारा अपनी सीमा के भीतर से दागी गई सटीक मिसाइलों के माध्यम से मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिमबर, सियालकोट, चक अमरू, मुरीदके और बहावलपुर में केवल ज्ञात और पहचाने गए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया।

# भारत का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार

**‘ऑपरेशन सिंदूर’ के जरिये भारत ने साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के स्त्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए ‘ऑपरेशन सिंदूर’ को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि हम आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है।**



भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं।

भारत द्वारा यह कार्रवाई अचानक नहीं की गई बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई।

सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पाक अधिकृत कश्मीर में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब ‘हिट ऐंड होल्ड’ की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह ‘नो वॉर्निंग, नो वॉर’ रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था।

इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। हालांकि पाकिस्तान की प्रतिक्रिया पूर्वानुमेय थी, पहले इन्कार, फिर विक्टिम कार्ड खेलना और अंत में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से गुहार लगाना लेकिन अब वैश्विक परिदृश्य बदल चुका है। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे। यह सब कुछ दर्शाता है कि भारत अब एक आधुनिक, आक्रामक और निर्णायक सैन्य शक्ति बन चुका है।

पाकिस्तान की अब तक की रणनीति यही रही है कि वह भारत के धैर्य की परीक्षा लेता रहे और भारत केवल विरोध या चेतावनी तक सीमित रहे लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। भारत ने बता दिया है कि वह न केवल जवाब देगा बल्कि ऐसा जवाब देगा, जो ‘आतंकिस्तान’ को अगली साजिश रचने से पहले सौ बार सोचने पर विवश करेगा। आतंक को बढ़ावा देना अब पाकिस्तान के लिए केवल एक रणनीति नहीं, आत्मघाती कदम बन चुका है। भारत ने साबित कर दिया है कि अब न केवल सीमा की सुरक्षा करेगा बल्कि आवश्यकता पड़ी तो आतंकी नेटवर्क की जड़ों तक जाकर प्रहार करेगा। यह केवल सैन्य नीति नहीं बल्कि नई भारतीय आत्मा की आवाज है, जो शांति तो चाहती है लेकिन डरती नहीं, जो प्रेम में तो विश्वास करती है लेकिन पराजय में नहीं।

ऑपरेशन सिंदूर अब एक ऐसा उदाहरण बन गया है, जो यह बताता है कि आतंक से अब डायलॉग से नहीं, डायनामाइट से निपटना है। भारत ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, चाहे उसके लिए कितनी भी बड़ी कार्रवाई क्यों न करनी पड़े। आज भारत के पास रक्षात्मक नहीं, आक्रामक कूटनीति है। अब हम इंतजार नहीं करते कि दुश्मन कब वार करे बल्कि अब हम तय करते हैं कि कब, कहां और कैसे प्रहार करना है।

यह बदलाव केवल सरकार की नीति में ही नहीं, देश की चेतना में भी है और यही चेतना ऑपरेशन सिंदूर की असली ताकत है। अब यदि पाकिस्तान यह सोचता है कि वह फिर किसी नए हमले की योजना बनाकर भारत को अस्थिर कर देगा तो उसे भली-भांति समझ लेना चाहिए कि ‘ऑपरेशन सिंदूर’ तो केवल शुरुआत है, अब हर आतंकी ठिकाने के लिए भारत के पास ऐसा जवाब है, जो न केवल आतंकियों के ठिकानों बल्कि समूचे पाकिस्तान का नाम ही विश्व के मानचित्र से गायब कर सकता है।

# युवाओं के नाम रहेगा आईपीएल-2025, वैभव सूर्यवंशी ने जीता सभी का दिल

इस बार के आईपीएल में कई युवा अपना परचम लहरा रहे हैं। जहां 43 साल के महेंद्र सिंह धोनी हैं तो वहीं 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वह नए भारत की सनसनी है। उसे चहुंओर सराहना मिल रही है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में वैभव राजस्थान रायल्स की ओर से खेल रहे हैं। 28 अप्रैल को जयपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ वैभव ने ऐसी धुंआधार पारी खेली कि सबकी आंखे खुली रह गईं। 35 गेंदों में उसने शतक जड़ दिया। टी-20 फार्मेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने का यह नया रिकॉर्ड है। इससे पहले राजस्थान टीम के ही यूसुफ पठान ने 15 साल पहले 37 गेंद में शतक लगाया था। उस समय वैभव का जन्म भी नहीं हुआ था। बिहार के समस्तीपुर से आने वाले वैभव सूर्यवंशी को देश का नया सितारा कहा जाने लगा है। उसे अपने पहले मैच के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। आईपीएल 2025 में 19 अप्रैल को जब उसने अपने पहले मैच में पहली गेंद का सामना करते हुए छक्का लगाया था तभी से उसकी निडर बल्लेबाजी की तारीफ होने लगी। वैभव के सामने गेंदबाज थे शार्दुल ठाकुर जो भारतीय टीम की ओर से भी खेल चुके हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ यह उसका डेब्यू मैच था। उसने 20 गेंद में 34 रन बनाए थे। वैभव की इस छोटी सी पारी ने सबका मन मोह लिया। यहां तक कि विपक्षी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने भी उसे दुलारते हुए उसकी सराहना की। हालांकि, राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर यह मैच 2 रन से हार गई। यह मुकाबला बड़ा रोमांचक था।

मगर, गुजरात के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी ने चौकों और छक्कों की ऐसी झड़ी लगाई कि सब देखते ही रह गए। गुजरात टीम का कोई भी गेंदबाज उस पर अंकुश नहीं लगा पाया। प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान समेत सभी गेंदबाज बौने नजर आ रहे थे। उसके बल्ले से 11 छक्के और 7 चौके निकले। आप सोच सकते हैं कि बिहार के इस किशोर ने कितनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की होगी।

जब उसका शतक पूरा हुआ तो पूरा ड्रेसिंग रूम उसके सम्मान में खड़ा हो गया। राजस्थान टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ भी उछल पड़े। सभी साथी खड़े होकर उसे बधाई दे रहे थे। पूरा सवाई मान सिंह स्टेडियम वैभव के शतक बनने पर झूम रहा था। सबसे बड़ी बात तो यह कि वैभव बांए हाथ से बैटिंग करते हैं और यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत करने की जिम्मेदारी निभाते हैं। इससे यह भी पता चलता है कि आईपीएल के माध्यम से आज कई युवा अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। पंजाब टीम की ओर से खेल रहे युवा प्रियांश ने भी एक जबर्दर्स्त पारी से सबका दिल जीत लिया है। चेन्नई की टीम में आयुष म्हात्रे ने एक कमाल की पारी खेली है।




केरल के युवा विग्नेश पुथुर ने मुंबई की ओर से खेलते हुए अपने पहले ही मैच में 32 रन देकर 3 विकेट झटक लिये। ये युवा ही देश का भविष्य हैं। इन्हें हम भारतीय टीम में देख सकते हैं।

आईपीएल एक ऐसा लोकप्रिय मंच है जहां दमदार प्रदर्शन करके भारतीय टीम में शामिल होने का अवसर मिलता है। वैभव ने निर्भीक बल्लेबाजी का ऐसा नमूना पेश किया है कि उसे भारतीय टीम के भविष्य नया सितारा बताया जा रहा है। उसे आईपीएल-2025 की खोज कहना गलत नहीं होगा। जब राजस्थान रायल्स ने वैभव सूर्यवंशी को एक करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा तो बहुतों को बड़ी हैरानी हुई। लोगों ने सोचा कि 14 साल का यह लड़का कौन सा तीर मार लेगा। टीवी पर एक रोचक विज्ञापन भी आया जिसमें महेंद्र सिंह धोनी और राजस्थान टीम के कप्तान संजू सैमसन इतने कम उम्र के खिलाड़ी पर बातचीत कर रहे हैं। धोनी लगभग कटाक्ष करते हैं जिसका सैमसन बड़ी होशियारी से जवाब देते हैं।

पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर यदि किसी की सराहना करें तो समझिए बड़ी बात है। वैभव सूर्यवंशी के जोरदार शतक पर उन्होंने एक्स पर लिखा-% वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति, लेंथ का जल्द अनुमान लगाना और आती हुई गेंद पर पूरी ताकत से प्रहार करना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसी का परिणाम था कि वह 38 गेंद में 101 रन बना पाए।% यूसुफ पठान ने भी आईपीएल में सबसे तेज शतक का अपना रिकॉर्ड तोड़ने पर वैभव को बधाई दी है। देश के एक और पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने कहा है कि %वह निडर रवैए के साथ खेल रहा है। अगली पीढ़ी के इस युवा के प्रदर्शन से मुझे गर्व है।% पूर्व सलामी बल्लेबाज श्रीकांत कहते हैं- %हम एक अभूतपूर्व बल्लेबाज का उदय देख रहे हैं। जाहिर है, आज हर भारतीय इस लड़के पर गर्व कर रहा है। भारतीय टीम में वैभव सूर्यवंशी का प्रवेश कब होगा, यह बताना आसान नहीं है। अभी उसे लंबा सफर तय करना है। आईपीएल के प्रदर्शन से भविष्य के लिए संकेत जरूर मिलता है लेकिन उसे निरंतरता बनाए रखनी होगी। केवल एक शतक से इतनी जल्दी अनुमान लगाना उचित नहीं होगा। शतक लगाने के बाद अगले मैच में वह शून्य पर आउट हो गया। वैसे भी हर मैच में वह शतक नहीं लगा सकता क्योंकि क्रिकेट अनिश्चितताओं से भरा खेल है। राजस्थान की टीम इस बार खिताबी दौड़ से बाहर हो गई है। उसका प्रदर्शन बढ़िया नहीं रहा है।

बिहार के वैभव ने इतने कमाल का प्रदर्शन किया है तो उसे पुरस्कार देने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तनिक भी देर नहीं लगाई। उन्होंने आईपीएल के इतिहास में सबसे कम उम्र के वैभव सूर्यवंशी द्वारा शतक लगाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्य सरकार उसे 10 लाख रुपये की सम्मान राशि भी देगी।

### ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने सुशासन तिहार का तीसरा चरण हुआ सफलतापूर्वक संपन्न

# कुंवारपुर में सुशासन तिहार शिविर में आए 1555 आवेदनों में से 1552 आवेदनों का हुआ समाधान





## जिला पंचायत सदस्य सुखमंती सिंह का भावनात्मक संबोधन कहा पानी की समस्या जल्द होगी दूर

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला भरतपुर ब्लाक के कुंवारपुर में बाजार के पास सुशासन तिहार के अंतर्गत 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक प्राप्त आवेदनों के तीसरे चरण के तहत आज विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर समस्त जनप्रतिनिधियों को छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी गई, जिसमें कुंवारपुर, कोइलरा, गढ़वार, फुलझर, गोधौरा, तितौली, तोजा, सेरी, कुदरा, लाखनटोला एवं जोलगी ग्राम पंचायत के लोग शामिल रहे।

शिविर में बताया गया कि सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है और वर्तमान में इसका तीसरा चरण चल रहा है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि आज के कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी और यह भी बताया जाएगा कि किन विभागों ने कितने आवेदनों का निराकरण किया है, कितने आवेदन लंबित हैं और कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया और कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। तत्पश्चात जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य सुखमंती सिंह ने भावनात्मक और प्रेरणादायी संबोधन में ग्रामीणों से अपील की कि सभी माताएं, बहनें और भाई जो बाहर बैठे हैं, कृपया आगे आकर भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं छोटे-छोटे गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनका निराकरण कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग आवेदन तो करते हैं लेकिन समाधान शिविर में भाग नहीं लेते। उन्होंने पानी की समस्या को लेकर आश्वासन दिया कि आने वाले दो महीनों में हर गांव में हैंडपंप और जल व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी और सिंटेक्स टंकी को जल्द ही चालू किया जाएगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों की जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि कुल 1555 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें से 1552 आवेदनों का निराकरण किया गया जबकि 3 आवेदन लंबित हैं। आवास योजनाओं में 278 आवेदन आए थे, जिसमें सभी का निराकरण किया गया। वही राशन कार्ड के 72 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें सभी का निराकरण कर लिया गया है, इसके साथ ही पेंशन के 27 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें सभी का निराकरण किया गया । वही एसबीएम के 190 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमे सभी का निराकरण कर दिया गया, इसके साथ ही मनरेगा विभाग में 755 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें सभी का निराकरण हो गया है । और जनपद पंचायत के 186 में से 185 का निराकरण हुआ जबकि 1 आवेदन लंबित है। वहीं [illegible] के 46 में से 44 का निराकरण हुआ और 2 आवेदन लंबित हैं। इसके साथ ही [illegible] में 1 आवेदन प्राप्त हुआ था जिसको निराकरण कर दिया गया। इसी के साथ पशुधन विकास विभाग के 36 सभी आवेदन को निराकरण किया गया । महिला एवं बाल विकास विभाग की महतारी वंदन योजना के तहत कुंवारपुर क्लस्टर में प्राप्त 23 सभी आवेदनों का निराकरण कर दिया गया। आदिम जाति विकास विभाग में जमीन पट्टा एवं वन अधिकार पत्र के कुल 6 आवेदनों की प्रक्रिया चल रही है और कोई भी मामला लंबित नहीं है। स्वास्थ्य विभाग को कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। इसके साथ ही कृषि विभाग को 41 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2 शिकायतों का निराकरण किया गया और 39 में से 22 लोग पात्र पाए गए। उद्यानिकी विभाग को प्राप्त तीनों आवेदनों का निराकरण कर दिया गया। शिक्षा विभाग को 17 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें सभी का निराकरण कर दिया गया और अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 10 लाख रुपये डीएमएफ से स्वीकृत किए गए। क्रेडा विभाग को 48 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से सभी 48 मांगों का समाधान किया गया। विद्युत विभाग को 10 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 9 का निराकरण हुआ और 1 लंबित है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 107 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 67 का निराकरण हुआ और 40 आवेदन लंबित हैं। वहीं समाज कल्याण विभाग को प्राप्त एकमात्र आवेदन का समाधान कर दिया गया। जल संसाधन विभाग को प्राप्त 8 आवेदनों में से 5 का निराकरण हुआ और 3 प्रोसेस में हैं। वन विभाग को प्राप्त 6 सभी आवेदनों का समाधान हो गया है। खाद्य विभाग को प्राप्त 54 में से 52 आवेदनों का निराकरण हुआ जबकि 2 लंबित हैं।

इसके पश्चात जनपद पंचायत द्वारा सिद्धि अगरिया, मनमोहन सिंह, प्रतिमा सिंह, ज्ञानवती अगरिया, रामबाई बैगा और शांति सिंह को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। वही जिला पंचायत सदस्य सुखमंती सिंह द्वारा 10वीं कक्षा में 97.67 प्रतिशत अंक लाकर जिले का नाम रोशन करने वाली वंदना सिंह को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष मायाप्रताप सिंह, उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य, जनपद सदस्य सविता सिंह, रीना सिंह, नंदनी गुप्ता, कैलाश सिंह, धर्मपाल मरावी, प्रदीप सिंह (मंडल अध्यक्ष कुंवारपुर), हीरालाल यादव (पूर्व मंडल अध्यक्ष), रामशंकर मिश्रा (जिला अध्यक्ष), लखनटोला सरपंच लीला सिंह, कुंवारपुर सरपंच लीलावती सिंह सहित एसडीएम प्रीतेश राजपूत, जनपद सीईओ अजय सिंह राठौर, तहसीलदार नीरजकांत तिवारी, नायब तहसीलदार नरेन्द्र कुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, [illegible] ऋषि कुमार, मंडल संयोजक संजय पटेल, करारोपण अधिकारी श्रीनिवास तिवारी, तकनीकी सहायक सुमेर सिंह, प्रोग्रामर दौलत सिंह, संकाय सदस्य शिव तिवारी, रोजगार सहायक गीता पटेल, सचिव श्यामर सिंह और सुरेश श्रीवास्तव सहित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### आयुष्मान योजना में सतना जिले के तीन निजी अस्पताल पैनल बद्ध

सतना. आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना निरामयम मध्यप्रदेश के अंतर्गत आयुष्मान हितग्राहियों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदाय करने मध्यप्रदेश के 16 जिलों में 35 निजी अस्पतालों को इम्पैनेंल्ड हेल्थ केयर प्रोवाइडर के रूप में संबद्ध किया गया है। राज्य स्तरीय इम्पेनलमेंट कमेटी द्वारा पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के अनुसार निजी चिकित्सालयों से तीन वर्ष के लिए अनुबंध (एमओयू) किया गया है।

## एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं प्रवेश हेतु कॉउसलिंग 12-13 को

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में संचालित दो एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 6वीं में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए अंतिम मेरिट अनुसार चयनित एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी गई है। यह सूची कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं संबंधित एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों के कार्यालयीन सूचना पटल पर देखी जा सकती है। चयनित एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों की कॉउसलिंग विकासखण्ड खड़गवां में अध्ययनरत ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने प्रवेश परीक्षा कोरिया जिले से दी है, उनको सम्मिलित करते हुए आयोजित की गई है। चयनित एवं प्रतीक्षा सूची में दर्ज सभी विद्यार्थी 12 एवं 13 मई 2025 को अनिवार्य रूप से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह विकासखण्ड खड़गवां, जिला एमसीबी के ऑडिटोरियम कक्ष में प्रातः 09.00 बजे तक उपस्थित होना सुनिश्चित करें, जहां प्रातः 10.00 बजे से कॉउसलिंग प्रारंभ की जाएगी। किसी कारणवश अनुपस्थित विद्यार्थियों के लिए 14 मई 2025 को अंतिम अवसर स्वरूप विशेष कॉउसलिंग आयोजित की जाएगी। चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश के समय छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र, अनुसूचित जनजाति का स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, विद्यार्थियों का सिकल सेल शासकीय चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद, विद्रोह या कोविड से खोने वाले, विधवाओं के बच्चे, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे, भूमि दान करने वाले, अनाथ वर्ग के बच्चे, वामपंथी उग्रवाद से लड़ते हुए जान गंवाने वाले पुलिस/अर्धसैनिक/सशस्त्र बल के बच्चे, दिव्यांग बच्चे आदि का प्रमाण पत्र, विशेष शासकीय कर्मचारी के बच्चों का प्रमाण पत्र एवं जिला चिकित्सालय बोर्ड द्वारा जारी स्वास्थ्य प्रमाण पत्र (जो कि प्रवेश के 15 दिन के भीतर प्रस्तुत करना होगा) की मूल एवं सत्यापित प्रति के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

### शिवपुर समाधान शिविर में 575 आवेदनों का त्वरित निराकरण, शासन पहुंचा जनता के द्वार

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया शिविर का उद्घाटन, जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी





**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जनपद पंचायत खड़गवां के ग्राम पंचायत शिवपुर की बाजार के पास 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक चले सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में आज समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा जन सुविधाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए, जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सका। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं और त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री, जनपद अध्यक्ष श्याम बाई मरकाम के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस बीच महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गोद भराई रस्म के तहत किरण सिंह, सम्पति, रमजनिया, राम बाई, प्रियंका, कौशल्या, प्रिया, मानमति, श्याम बाई और नीलू को गोद भराई किया गया तथा अन्नप्राशन में वासु सिंह, आराधना और सुभाष का अन्नप्राशन किया गया। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने अपने संबोधन में बताया कि यह सुशासन तिहार के अंतर्गत खड़गवां ब्लॉक का पहला शिविर है, जिसमें शिवपुर, गिद्धमुड़ी, बरदर, लकरापारा, सेंधा, पीपर बहरा, मझौली ग्राम पंचायतों से कुल 613 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 575 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जितना संभव हो सकेगा, सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे शिविरों के माध्यम से समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य ममता सिंह ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं और आमजन को इनका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों से प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत होता है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह शिविर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रहे सुशासन तिहार का हिस्सा है। इसका उद्देश्य है कि शासन खुद जनता के द्वार पर जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करे। उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों को समस्या समाधान हेतु कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, बल्कि शासन खुद गांवों तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि बीते डेढ़ सालों में सरकार ने धरातल पर कार्य करके दिखाया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत 106 से अधिक सड़कों की स्वीकृति दी गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 18 लाख आवासों का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से साढ़े तेरह लाख स्वीकृत हो चुके हैं, और हाल ही में 12,600 नए आवासों को मंजूरी दी गई है। अगले दो वर्षों में 37,000 नए मकानों के लिए सर्वेक्षण कार्य प्रगति पर है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की एक लाख से अधिक बहनों को प्रतिमाह एक-एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं छोटे उद्योगों, कृषि और अन्य गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। किसानों के लिए धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को अब 5500 रुपये प्रति मानक बोरा मिल रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को प्रतिवर्ष 6000 रुपये की सहायता सीधे बैंक खाते में दी जा रही है। शिक्षा क्षेत्र में खड़गवां में एक कृषि महाविद्यालय की शुरुआत की जा रही है। वन विभाग की बरदर नर्सरी पुनः प्रारंभ की गई है, जिससे रोजगार और पर्यावरण दोनों को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा एवं राशन कार्ड वितरण किया गया । इस समाधान शिविर में पुलिस, राजस्व, विद्युत, कृषि, क्रेडा, महिला एवं बाल विकास, श्रम, जनसम्पर्क, मछली पालन, ग्रामीण यांत्रिक सेवा, स्वास्थ्य, आयुष, खाद्य, सीएससी, उद्यान, आबकारी, वन, समाज कल्याण, जल जीवन मिशन, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पशुपालन, पीडब्ल्यूडी और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। आवेदन और निराकरण की स्थिति इस प्रकार रही दृ शिवपुर से 285 में से 268 आवेदन निराकृत, 17 लंबित, गिद्धमुड़ी से 53 में से 48 निराकृत, 5 लंबित, मझौली से 14 में से 13 निराकृत, 1 लंबित, बरदर से 61 में से 59 निराकृत, 2 लंबित, लकरापारा से 100 में से 93 निराकृत, 7 लंबित, पीपरबहरा से 42 में से 39 निराकृत, 3 लंबित और सैदा से 58 में से 55 निराकृत, 3 लंबित रहे। कुल 613 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 574 का निराकरण किया गया और 38 लंबित हैं। वहीं कुल 3 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 1 का निराकरण किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्याम बाई मरकाम, जिला पंचायत सदस्य प्रिया सिंह, मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, सभी सातों पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, जनपद सदस्य रूपेश बंजारे, तहसीलदार विजेन्द्र सारथी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सतना की खबरें

### आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (एजेंसी)।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत जारी निर्देशों के अनुक्रम में सभी संबंधित विभागों के जिला प्रमुख अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित समस्त आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग द्वारा आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत जारी निर्देशों में कहा गया है कि समस्त अस्पतालों में सभी प्रकार की आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां, उपकरण उपलब्ध रहें। डाक्टर मय स्टाफ उपस्थित रहे तथा ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध रहे। इसके साथ-साथ विभिन्न अस्पतालों व स्कूलों के मध्य टेम्प्रेरी रहने की व्यवस्था की जा सकती है। वहां जनरेटरों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएं। सोशल मीडिया पर पूर्ण निगरानी रखे तथा देश के विरूद्ध भड़काउ पोस्ट अथवा सामग्री पर तुरंत कानूनी कार्यवाही करें, जिससे कि प्रदेश में माहौल खराब न हो। इस हेतु भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन सुनिश्चित करें कि आपात स्थिति में जिलों में पर्याप्त खादय सामग्री, पेट्रोल-डीजल, घरेलू गैस इत्यादि उपलब्ध रहें। लोग खादय सामग्री एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं का अनावश्यक भण्डारण नहीं करें। लोक स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि आपात स्थिति में पेयजल की पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध रहे। जिलों के अति संवेदनशील स्थलों की सूची को अद्यतन करें। जिसमें अस्पताल, पावर प्लांट, तेल एवं गैस के डिपो, धार्मिक स्थल, भारत सरकार के संस्थान की जानकारी अद्यतन कर रखी जाए। जिलों में ग्राम एवं पंचायत स्तर पर नागरिक सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी जावे जिससे लोगों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना बनी रहे। अग्निशमन सेवाओं को सक्रिय रखा जाए। इस हेतु उपकरणों की जांच इत्यादि कर ली जाए। संचार सेवाओं को सुचारू बनाया जाए। इस हेतु दूरसंचार कंपनियों के साथ समन्वय करें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को पर्याप्त संख्या में चालू स्थिति में रखा जाए। आपदा प्रबंधन की मॉक ड्रिल एवं चेतावनी के परिप्रेक्ष्य में शहरों में सायरन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस हेतु स्थानीय प्रशासन, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आवश्यक समन्वय कर व्यवस्था सुनिश्चित करें। आपदा की स्थिति में गैर सरकारी संगठनों, राष्ट्रीय सेवा योजना और एन0सी0सी0 और सिविल स्वयं सेवकों की भागीदारी सुनिश्चित की जावे ताकि राहत एवं बचाव कार्य में प्रभावी सहयोग मिल सकें। उद्योगों में उत्पादन सुचारू रूप से जारी रखा जाए। उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग सडकें, पुलों की देखभाल एवं सुरक्षा सुनिश्चित करें। उर्जा विभाग विद्युत प्रदाय की निरंतर आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### स्मार्ट सिटी सतना में आपातकालीन संचालन केन्द्र प्रारंभ

**मीडिया ऑडीटर, सतना (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने स्मार्ट सिटी सतना में आपातकालीन संचालन केन्द्र स्थापित किया है। सतना जिले में आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान प्रतिक्रिया, कमांड, कंट्रोल तथा समन्वय की कार्यवाहियों के लिए स्मार्ट सिटी सतना के अंतर्गत स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर को आपातकालीन संचालन केन्द्र बनाया गया है। जिसमें ईओसी का दूरभाष नम्बर 07672-231433 तथा ईमेल आईडी रहेगी।

### समस्त शासकीय सेवकों के अवकाश प्रतिबंधित

**मीडिया ऑडीटर, सतना (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए समस्त शासकीय सेवकों के अवकाश प्रतिबंधित कर दिये हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने इस आदेश के परिप्रेक्ष्य में समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले के समस्त शासकीय सेवक अपने मुख्यालय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। विशेष परिस्थितियों में यथा स्वयं अथवा स्वंय के परिवार में विवाह, प्रसूति एवं संतान पालन, गंभीर बीमारी, दुर्घटना, स्वयं के परिवार में घटित अप्रत्याशित घटना आदि के संबंध में जिला स्तर पर कलेक्टर से अवकाश के संबंध में स्वीकृत/अनुमति प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिले में सिविल डिफेंस वालेंटियर के नामांकन किये जाने के निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, सतना (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग के निर्देशानुसार सतना जिले में सिविल डिफेंस अधिनियम वालेंटियर्स के नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश जारी किए गए है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा विभिन्न विभागों को सिविल डिफेंस वालेंटियर नामांकित करने के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं समस्त जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित किया गया है कि नागरिक सुरक्षा अधिनियम-1968 के तहत आपदा की स्थिति में प्रत्येक ग्राम पंचायत से दो स्वयं सेवकों का नामांकन किया जाये। ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों को सुरक्षा एवं सहायता तथा प्रशासन के सहयोग के लिए इच्छुक व्यक्तियों को सिविल डिफेंस वालेंटियर के रूप में नामांकित किया जा सके। इसी प्रकार आयुक्त नगर पालिक निगम और सभी नगर पंचायतों के सीएमओ को अपने नगरीय क्षेत्र से दो इच्छुक व्यक्तियों को सिविल डिफेंस वालेंटियर में नामांकित करने, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद, सैनिक कल्याण अधिकारी और नोडल प्राचार्य एनसीसी, राष्ट्रीय सेवा योजना, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सतना, शासकीय आईटीआई सतना को अपनी संस्थाओं के इच्छुक युवक-युवतियों को सिविल डिफेंस वालेंटियर बनाये जाने के लिए तीन दिवस के भीतर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

### नेशनल लोक अदालत शिविर में 1279 प्रकरणों का हुआ निराकरण



**मीडिया ऑडीटर, सतना (एजेंसी)।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार 10 मई 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (ए.डी.आर. सेंटर), सतना में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रत्नेशचन्द्र सिंह बिसेन द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने अपने उदबोधन में उपस्थित समस्त न्यायाधीशगणों, अधिवक्ताओ, पक्षकारों को संबोधित करते हुए कहा कि लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण परस्पर सहमति से कराने पर समय एवं धन की बर्बादी रोकी जा सकती है। उन्होंने नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण कराये जाने का आहवान किया। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयो में लंबित कुल 997 एवं प्रिलिटिगेशन के 282 प्रकरणों सहित कुल 1279 प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति से किया गया। इस अवसर पर जिला प्राधिकरण के सचिव पार्थ शंकर मिश्र सहित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

## जोधपुर-बीकानेर और हनुमानगढ़ में जारी रहेगा ब्लैकआउट

**जयपुर/जैसलमेर/ ( एजेंसी )।** भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहा तनाव शनिवार को खत्म हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के ऐलान के बाद सीज फायर हो गया। शाम 5 बजे से दोनों देशों के बीच संघर्षविराम लागू कर दिया। सीजफायर के ऐलान के बाद बॉर्डर वाले जिलों में बाजार खुल गए। लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। बाड़मेर और जैसलमेर में ब्लैकआउट खत्म हो गया है, जबकि जोधपुर, बीकानेर और हनुमानगढ़ में अभी ब्लैकआउट जारी रहेगा। इससे पहले शनिवार को पाकिस्तान की ओर से राजस्थान के बॉर्डर इलाकों से जुड़े जिलों में अटैक की कोशिश की गई थी। हालांकि भारतीय सेना ने सभी हमलों को नाकाम कर दिया था। जैसलमेर-बाड़मेर में सुबह मिसाइलों का मलबा मिला था। श्रीगंगानगर में धमाकों की आवाज आई थी। बॉर्डर से सटे जिलों में ट्रेनें कैंसिल कर दी गई थीं। जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर और बीकानेर के बाजार बंद करवा दिए गए थे। उधर, विदेश और रक्षा मंत्रालय की सुबह हुई प्रेस ब्रीफिंग में राजस्थान के सूरतगढ़ (श्रीगंगानगर) एयरफोर्स स्टेशन को पाकिस्तान के नुकसान पहुंचाने के दावे को गलत बताया गया था। एयरफोर्स स्टेशन के सामान्य हालात की फोटो भी दिखाई गई थी।

## 16 साल बाद इतनी जल्दी आएगा मानसून

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मानसून देश में इस बार तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगर मानसून 27 मई को आता है तो यह 16 साल में पहली बार होगा जब यह इतनी जल्दी दस्तक देगा। 2009 में 23 मई को और 2024 में 30 मई को मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। इसके अलावा 2018 में 29 मई को मानसून आया था। आईएमडी ने बताया कि 1 जून को केरल पहुंचने के बाद मानसून 8 जुलाई तक अन्य राज्यों को कवर करता है। 17 सितंबर के आसपास राजस्थान के रास्ते वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरा हो जाता है।

## पंजाब बॉर्डर पर आर्मी अलर्ट रहेगी

**जालंधर/फिरोजपुर ( एजेंसी )।** भारत और पाकिस्तान में शनिवार शाम 5 बजे सीजफायर के ऐलान के बाद पंजाब के पाकिस्तान से सटे बॉर्डर पर भी सीजफायर हो गया है। शनिवार सुबह 10 बजे के बाद पंजाब में कहीं भी कोई हमला नहीं हुआ है। सुबह पाकिस्तान ने पठानकोट पर हमला किया था। हालांकि पाकिस्तानी फितरत को देखते हुए बॉर्डर जिलों में सेना अलर्ट पर है। चंडीगढ़ के अलावा जालंधर, रोपड़, संगरूर, मोगा, कपूरथला, बरनाला, अमृतसर और पठानकोट से ब्लैकआउट समेत बाकी पाबंदियां हटा ली गई हैं। फिरोजपुर में ब्लैकआउट नहीं होगा, लेकिन ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी जारी रहेगी।

## सामूहिक विवाह सम्मेलनों से वित्तीय मितव्ययता को मिल रहा प्रोत्साहन-मुख्यमंत्री



**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश विकसित राज्य बनने की ओर अग्रसर है। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री काल में मध्यप्रदेश बिजली आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था में आत्मनिर्भर बना। प्रदेश के गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछा है। यह सिर्फ सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रसंग नहीं है, आज यहां बुधनी विधानसभा में विकास कार्यों को गति देने के लिए 170.42 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी हुआ है। यह इस क्षेत्र के विकास की ओर बढ़ाया गया एक और नया कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र के भेरूंदा स्थित ग्राम पिपलानी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में क्षेत्रीय जनजातीय (गोंड) समाज के 572 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहले बेटियों का विवाह कठिन प्रसंग होता था। बेटी की शादी के लिए गरीबों और किसानों को अपनी जमीन तक बेचनी पड़ती थी, लेकिन केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सबसे पहले चंदा जुटाकर गरीब कन्याओं का विवाह कराने की शुरुआत की। बाद में शासन स्तर पर योजना तैयार की गई। और सामूहिक विवाह सम्मेलनों की शुरुआत हुई।

## पाकिस्तानी हरकतों पर इसरो के सैटेलाइट की नजर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला करने में इसरो की अहम भूमिका रही। इसरो के सैटेलाइट नेटवर्क के इनपुट के जरिए मिली मदद से भारतीय सेनाओं ने सैन्य राडार सिस्टम नष्ट करने और पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को निष्क्रिय करने में सफलता हासिल की।

इसरो का सैटेलाइट नेटवर्क भारतीय सेनाओं को आतंकियों के अड्?डों की सटीक पहचान करने, हमले के लिए लक्ष्य तय करने से लेकर पाकिस्तान सेना के ठिकानों , हथियारों व टुकड़ियों के मूवमेंट, राडार स्टेशनों की जानकारी दे रहा है।

साथ ही उनके इलेक्ट्रॉनिक गतिविधियों को ट्रैक करने जैसी हर संवेदनशील हरकत को पकड़ने और खुफिया जानकारी हासिल करने में खासा मददगार बन रहा है। इस समय इसरो के कम से कम 7 सैटेलाइट संवेदनशील व खुफिया जानकारी मिल रही है।

इसरो के 7 सर्विलांस उपग्रह से सेनाओं को सटीक इनपुट मिल रहा है। कार्टोसेट से 0.6 मीटर से 0.35 मीटर तक की हाई रिजॉल्यूशन इमेजरी मिल सकती है। इसके जरिए पाक के आतंकी लॉन्च पैड्स, सैन्य ठिकानों की सटीक लोकेशन और मूवमेंट की स्पष्ट तस्वीरें मिल पाईं। दिन की अच्छी रोशनी में इस सैटेलाइट से सीमावर्ती इलाकों में रियल टाइम तस्वीरें और वीडियो क्लिप्स तक हासिल की जा सकती हैं।

## डोनाल्ड ट्रम्प बोले- भारत-पाकिस्तान सीजफायर के लिए राजी



**नई दिल्ली/ जम्मू/श्रीनगर ( एजेंसी )।** भारत और पाकिस्तान सीजफायर के लिए राजी हो गए हैं। यह दावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने किया। डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा, %रात में यूएस की मध्यस्थता में चली लंबी बातचीत के बाद मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं।

भारत के विदेश सचिव बोले- सीजफायर हुआ ट्रंप के बयान के 30 मिनट बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी शाम 6 बजे प्रेस ब्रीफ के लिए आए। 42 सेकेंड में अपनी बात खत्म की और चले गए। उन्होंने कहा- पाकिस्तान के डीजीएमओ ने शनिवार दोपहर 3ः35 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया। सहमति बनी कि दोनों पक्ष शनिवार दोपहर 5 बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। इस सहमति को लागू करने के लिए दोनों पक्षों को निर्देश दिए गए हैं। वे 12 मई को दोपहर 12 बजे फिर से बात करेंगे।

## सीजफायर के बाद रक्षा मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद शनिवार शाम को रक्षा मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें आर्मी से कर्नल सोफिया कुरैशी, एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह और नेवी से कमोडोर रघु आर नायर मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय की ब्रीफिंग कुल 9 मिनट चली। इसमें कर्नल सोफिया ने पाकिस्तान की तरफ से गलत सूचनाएं फैलाने की जानकारी दी। वहीं कमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे।

अब मैं आपको पाकिस्तान की मिस इन्फॉर्मेशन कैंपेन के बारे में जानकारी दूंगी। पहला उसने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया। ये बिल्कुल गलत है। उसका कहना है कि हमारी एयरफील्ड सिरसा, जम्मू,पठानकोट और भुज में हमला किया है, ये भी पूरी तरह से गलत है। हमारे चंडीगढ़ और ब्यास स्थित हथियार खाने पर हमला किया, यह बात भी गलत है। हमने आपको सुबह भी बताया था कि ये सभी मिलिट्री फैसिलिटीज पूरी तरह सुरक्षित हैं, इन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पाकिस्तान कह रहा है कि भारत ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है।

## आतंकवाद पर एनडीए बनाम यूपीए पोस्ट पर बोले शशि थरूर, विभाजन का तुच्छ प्रयास



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर और अन्य विपक्षी नेताओं ने इस वीडियो को पोस्ट करने के लिए भाजपा की आलोचना की। थरूर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत को एकता का संदेश देना चाहिए और भाजपा से इस वीडियो को हटाने का आग्रह किया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि विपक्ष ने पहलगाम में पर्यटकों पर हुए भयानक हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में सरकार का पहले ही समर्थन किया था। 22 अप्रैल की घटना में 26 लोग मारे गए थे। ऐसे समय में जब पूरा देश भारतीयों के रूप में एकजुट है, हमें राजनीतिक रूप से विभाजित करने का यह तुच्छ प्रयास निंदनीय है। थरूर ने कहा हमारी सरकार ने पिछले तरीकों की निरर्थकता को कठिन तरीके से सीखा है। इसके बाद ही इसने सावधानीपूर्वक और परिपक्वता से संचालित सैन्य कार्रवाई का रास्ता अपनाया। यह विज्ञापन न तो उचित है और न ही परिपक्व। आरजेडी सांसद मनोज झा ने कहा कि इस तरह के सोशल मीडिया पोस्ट का पाकिस्तान अपने फायदे के लिए दुरुपयोग कर सकता है ।

## कोई शर्त नहीं, स्थगित रहेगी सिंधु जल संधि

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मिसाइल, ड्रोन और तोपखाने के हमलों के कई दिनों बाद भारत द्वारा पाकिस्तान के साथ पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम की घोषणा करने के कुछ ही मिनटों बाद, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंक के पनाहगारों के लिए एक सख्त संदेश जारी किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भारत ने लगातार सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद के खिलाफ एक दृढ़ और अडिग रुख बनाए रखा है। यह ऐसा करना जारी रखेगा। उन्होंने, एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि भारत और पाकिस्तान ने गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर एक समझ विकसित की है। भारत और पाकिस्तान ने आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई को रोकने पर एक समझ विकसित की है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि युद्ध विराम की कोई पूर्व या पश्चात शर्त नहीं है। यह आह्वान पाकिस्तान की ओर से किया गया था। सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी ।पाकिस्तान की ओर से भारत से संपर्क करने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सहमति बन गई है। इसमें कोई पूर्व-शर्त या बाद की शर्तें नहीं हैं। सिंधु जल संधि स्थगित है। और अन्य सभी उपाय स्थगित हैं। आतंकवाद पर भारत की स्थिति वही है ।वहीं, इससे पहले कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने अपने छ्न्न्न 17 से हमारे स्400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया, जो पूरी तरह से गलत है। दूसरे, उसने यह भी गलत सूचना अभियान चलाया कि सिरसा, जम्मू, पठानकोट, भटिंडा, नलिया और भुज में हमारे हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाया गया, और उसकी यह गलत सूचना भी पूरी तरह से गलत है।

## पाकिस्तानी गोलीबारी में हिमाचल का जवान शहीद

**कांगड़ा ( एजेंसी )।** पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में भारतीय वायु सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक के बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ था। तीन दिन से पाकिस्तान की ओर से लगातार ड्रोन, मिसाइल और रॉकेट से हमले किए जा रहे थे। जम्मू के राजौरी में शुक्रवार की रात पाकिस्तान की ओर से की गई गोलीबारी में हिमाचल प्रदेश का जवान शहीद हो गया।

जानकारी के अनुसार, हिमाचल के कांगड़ा के




शाहपुर निवासी सूबेदार मेजर पवन कुमार जम्मू- कश्मीर के राजौरी में तैनात थे। शनिवार की सुबह 7 बजे पाकिस्तान की ओर से फायरिंग की जा रही थी।

## पाकिस्तान पर बरसे ओवैसी, तुर्की को भी लपेटे में लिया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के खिलाफ अपने सख्त रुख के लिए वाहवाही बटोर रहे एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पड़ोसी देश को एक और करारा जवाब दिया है। और इस बार इसमें पाकिस्तान के भाई राष्ट्र तुर्की को भी शामिल किया गया है, जो उसे अटूट समर्थन दे रहा है। ओवैसी, जो पहले पाकिस्तान के खिलाफ हमलावर देखे गए थे, ने अब तुर्की पर सवाल उठाए हैं। उनका दावा है कि एक तरफ तुर्की अपनी जमीन पर आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करता है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान का समर्थन करता है, जिसे आतंकवाद का वैश्विक केंद्र माना जाता है। उन्होंने कहा कि हमें तुर्की को यह समझाना होगा। यह दुनिया का एकमात्र देश है जो अपनी ज़मीन पर आतंकवादी संगठनों, कुर्द समूहों पर बमबारी करता है।

## आतंकवाद के खिलाफ जारी रहेगा एक्शन-जयशंकर



नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम समझौते के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख बनाए रखा है। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत और पाकिस्तान ने आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई है। आतंकवाद के खिलाफ भारत कड़ी कार्रवाई करना जारी रखेगा। विदेश मंत्री की यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने के बाद आई है, जो दोनों पड़ोसी देशों के बीच बढ़ते तनाव के लगभग दो दिन बाद हुआ है। शुक्रवार रात को पाकिस्तान द्वारा भारत पर मिसाइलों और तुर्की निर्मित 300-400 ड्रोन से हमला किए जाने के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव और बढ़ गया। दोनों देशों ने शनिवार, 10 मई को शाम 5 बजे से ज़मीन और हवा में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य अभियान रोकने पर सहमति जताई है। भारत की ओर से विदेश मंत्री विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि पाकिस्तान की ओर उसकी सेना के डीजीएमओ ने तनाव कम करने के लिए भारतीय सेना के डीजीएमओ से संपर्क किया।

## भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम समझौत का उमर अब्दुल्ला ने किया स्वागत




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम समझौते पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं इसका स्वागत करता हूं। अगर यह 2-3 दिन पहले हुआ होता, तो हमारी जो जानें गईं, वो नहीं जातीं। पाकिस्तान के डीजीएमओ ने हमारे डीजीएमओ को बुलाया और संघर्ष विराम लागू हुआ। मौजूदा जम्मू-कश्मीर सरकार की जिम्मेदारी है कि जहां भी नुकसान हुआ है, उसका आकलन करें और लोगों को राहत पहुंचाना शुरू करें। जहां भी लोग घायल हुए हैं, उन्हें उचित इलाज मिले और सरकारी योजना के तहत राहत भी मिले। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि आग से बहुत नुकसान हुआ है। डीसी को निर्देश दिए गए हैं कि वे तुरंत नुकसान का अंतिम आकलन करें और उस आकलन को हमें भेजें ताकि हम इन घरों में राहत पहुंचाना शुरू कर सकें। साथ ही, हमारा एयरपोर्ट कई दिनों से बंद है। हमें उम्मीद है कि संघर्ष विराम के बाद एयरपोर्ट फिर से खुल जाएगा।

## अब उत्तर प्रदेश से गरजेगी, लखनऊ में हुआ प्लांट तैयार, आज होगा उद्घाटन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव की स्थिति को देखते हुए भारत सरकार हर तरह से जनता को बचाने के लिए त्वरित फैसले ले रही है। सीमा से ही भारतीय सेना ने पाकिस्तान के ड्रोन, मिसाइलों को ध्वस्त किया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करने के बाद बनी है। इस तनाव के बीच देश की सामरिक क्षमता को बढ़ाने के लिए ऐसा कदम उठाया जा रहा है जिसे जानकर पाकिस्तान की नींद उड़ जाएगी। मिसाइल निर्माण इकाई का लक्ष्य सालाना 80 से 100 मिसाइलों का उत्पादन करना है। बता दें कि इस ईकाई की आधारशिला 2021 में रखी गई थी। रक्षा औद्योगिक गलियारे का हिस्सा है जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन के दौरान की थी। उन्होंने कहा, ''300 करोड़ रुपये की लागत वाली ब्रह्मोस इकाई का उद्घाटन निश्चित रूप से राज्य में इस परियोजना को बड़ा बढ़ावा देगा। पहले चरण में रक्षा गलियारा परियोजना के लिए लगभग 1,600 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है।

जिसके लिए बड़ी कंपनियों ने पहले ही समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इस परियोजना की नोडल एजेंसी उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीआईईडीए) के एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि हम बीएचईएल के साथ भी बातचीत कर रहे हैं ताकि उसकी एक इकाई यहां आ सके। ब्रह्मोस इकाई के लिए लगभग 80 एकड़ भूमि आवंटित की गई है, जबकि लखनऊ नोड में 12 कंपनियों को कुल 117 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। रक्षा गलियारे, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में 2018 के वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन के दौरान की थी। राज्य सरकार के अधिकारियों के अनुसार, आदित्यनाथ सरकार अलीगढ़ में परियोजना के तहत भूमि आवंटन के दूसरे चरण को शुरू करने की तैयारी कर रही है।

## भारत पर हुआ हर आतंकी हमला युद्ध माना जाएगा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भविष्य में भारत पर होने वाला हर आतंकी हमला एक्ट ऑफ वॉर युद्ध का कारण या युद्ध की शुरुआत माना जाएगा। सरकार के टॉप सोर्स के हवाले से न्यूज एजेंसी ने कहा है कि सरकार इसका जवाब भी उसी अंदाज में देगी। यह फैसला पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ चल रहे संघर्ष पर सीजफायर से पहले लिया गया। इससे पहले शनिवार को ही प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में पीएम आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस और भारतीय सेना प्रमुखों के साथ बैठक की। 24 घंटे में सेना प्रमुखों के साथ यह उनकी दूसरी मीटिंग थी। भारत में एक्ट ऑफ वॉर कोई एक कानून नहीं है, बल्कि इस पर फैसला कई कानूनों (संविधान, भारतीय न्याय संहिता), रक्षा कानून, अंतरराष्ट्रीय समझौते के आधार पर किया जाता है। भारत सरकार ही तय करती है कि कौन सी कार्रवाई एक्ट ऑफ वॉर है। आम तौर पर भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमले को एक्ट ऑफ वॉर माना जाता है। विदेश मंत्रालय ने 9 मई को शाम 5.30 बजे पाकिस्तान के साथ तनाव पर लगातार तीसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं।

रिहायशी इलाकों को निशाना बनाना पाकिस्तान ने भारतीय शहरों और सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर और कुछ मिलिट्री ठिकाने को टारगेट किया। पुंछ में गुरुद्वारे पर हमला किया। इन हमलों की जिम्मेदारी लेने की बजाय , पाकिस्तान कह रहा है कि भारतीय आर्मी ऐसा कर रही है। इंटरनेशनल एविएशन रूट ओपन रखना 7 मई 2025 को रात साढ़े आठ बजे मिसाइल और ड्रोन हमला किया और उस दौरान अपना एयर स्पेस बंद नहीं किया। नागरिकों का इस्तेमाल ढाल के लिए किया। हमारा एयरस्पेस नागरिक उड़ानों के लिए बंद है, लेकिन पाकिस्तान के इलाके में नागरिक उड़ान चल रही थी। पाकिस्तान का नागरिक विमान दमम से उड़ान भरकर लाहौर तक गया।

## कोलकाता और जयपुर के बाद अब दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम को उड़ाने की मिली धमकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और युद्ध जैसे हालात के बीच बीसीसीआई ने आईपीएल को स्थागित करने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने ये फैसला देश औरखिलाड़ियों की सुरक्षा को सबसे ऊपर रखते हुए लिया है। इस बीच दिल्ली एंव जिला क्रिकेट संघ को एक धमकी भरा मेल मिला है। इस मेल में राष्ट्रीय राजधानी स्थिति ऐतिहासिक अरुण जेटली स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। समाचार एजेंसी आईएएनएस ने इस बात की जानकारी दी। ये मैदान आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स का घरेलू मैदान है। यहां 11 मई को दिल्ली और गुजरात टाइटंस के बीच मैच होना था। डीडीसीए ने इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी है। पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है। आईएएनएन के मुताबिक डीडीसीए को आए मेल में लिखा है कि, आपके स्टेडियम में बॉम्ब ब्लास्ट होगा। हमारे पास भारत में पाकिस्तान स्लीपर सेल है जो इस समय काफी एक्टिव है। ये ब्लास्ट हमारे लिए ऑपरेशन सिंदूर का बदला होगा। बता दें कि, ये पहली बार नहीं है जब किसी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसी आईपीएल के दौरान कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। इसके अलावा जयपुर के सवाई मानसिंह और गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को भी उड़ाने की धमकी मिली थी।

## दर्शकों को लौटाए जा रहे टिकट के पैसे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया है। इसके चलते 9 मई को लखनऊ में होने वाला आरसीबी और लखनऊ सुपर जायंट्स का मैच भी स्थगित हो गया है। इसके बाद आरसीबी और एलएसजी मैच के टिकटों के पैसे लौटाए जा रहे हैं। लखनऊ से मिली जानकारी के मुताबिक आज और स्टेडियम के सभी गेट बंद कर दिए गए हैं। इसके अलावा सभी 10 फ्रेंचाइजी और प्रमुख हितधारकों को इस फैसले के बारे में सूचित कर दिया गया है।

बता दें कि, भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के कारण आईपीएल को शुक्रवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया। बीसीसीआई ने कहा कि जब देश आतंकी हमले का जवाब देने के साथ सरहद पार से अनुचित आक्रमण का सामना कर रहा है। ऐसे में राष्ट्रहित सर्वोपरि है। जम्मू और पठानकोट में हवाई हमले की चेतावनी के बाद धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार का मैच बीच में रद्द होने के बाद से मौजूदा आईपीएल के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बीसीसीआई ने आईपीएल के बाकी मैच तुरंत प्रभाव से एक हफ्ते के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। पहले ये बताया गया था कि आईपीएल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि नए कार्यक्रम और टूर्नामेंट के आयोजन के बारे में सूचना समय आने पर दी जाएगी। इससे पहले संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के साथ हालात की व्यापक समीक्षा की जाएगी।

## दीपिका और सालुंखे सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कम्पाउंड मिश्रित टीम ने यहां तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया जबकि दीपिका कुमारी और पार्थ सुशांत सालुंखे ने क्रमश- महिला और पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत सेमीफाइनल में जगह बनाई। मधुरा धामनगांवकर और अभिषेक वर्मा कम्पाउंड मिश्रित टीम सेमीफाइनल में ब्रिटेन के एला गिब्सन और अजय स्कॉट से 156-158 से हार गए। अब धामनगांवकर और अभिषेक शनिवार को कांस्य पदक मैच में मलेशिया का सामना करेंगे। वहीं व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा में सालुंखे ने पहले दौर में शूट-ऑफ में तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता मेटे गाजोज को 6-5 से हराकर उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसमें उनका सामना रविवार को दक्षिण कोरिया के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन से होगा जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में एक अन्य भारतीय अतनु दास को मात दी। सालुंखे ने राउंड 32 में जापान के आओशिमा तेत्सुया को 6-2 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया के रयान टायक को और फिर क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम जे देओक को समान अंतर से हराया। महिला वर्ग में दीपिका ने सेमीफाइनल में जगह बनाने से पहले स्पेन की लूसिया इबानेज़ रोमेरो को 6-4 से, कजाकिस्तान की डायना तुर्सुनबेक को 6-0 से और फ्रांस की विक्टोरिया सेबेस्टियन को 6-4 से हराया।

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ये खिलाड़ी बने टीम इंडिया का कप्तान, अनिल कुंबले ने की मांग

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद सबसे बड़ा सवाल ये है कि अब भारतीय टेस्ट टीम की कमान कौन संभालेगा? चयनकर्ता भी इसको लेकर खूब माथा पच्ची कर रहे होंगे। टीम में शुभमन गिल, ऋषभ पंत, केएल राहुल और जसप्रीत बुमराह के रूप में कई दावेदार है, लेकिन किसे इस लंबे फॉर्मेट की कमान सौंपी जाएगी ये देखने वाली बात होगी।

भारत को अगले महीने 5 मैच की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है, इस सीरीज के लिए पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने और किसी पर नहीं बल्कि जसप्रीत बुमराह पर भरोसा जताया है। अनिल कुंबले ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा कि, शायद सिर्फ इस सीरीज के लिए बुमराह को चुना जाए और फिर देखें कि उनकी फिटनेस कैसी है? कुंबले ने आगे कहा कि, मुझे पता है कि तेज गेंदबाज होना आसान नहीं है। उन्हें चोट लगी हैं, ऑस्ट्रेलिया सीरीज के बाद वे ब्रेक पर थे और इस आईपीएल में ही वापसी कर रहे हैं। लेकिन मैं फिर भी बुमराह को चुनूंगा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले मैच में बुमराह को सभी पांच टेस्ट मैचों में शामिल कनरे के भारत के बेताब प्रयास में तेज गेंदबाज को चोट लग गई थी और वह काफी हद तक क्रिकेट से दूर थे। ऐसे में कुंबले ने भी माना कि बुमराह के लिए इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच टेस्ट मैच खेलना संभव नहीं होगा। इसलिए बुमराह के लिए बेहतर कार्यभार प्रबंधन की बहुत जरूरत है। कुंबले ने कहा कि, जब भी ऐसा होता है उपकप्तान आकर कार्यभार संभाल लेता है।



## रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली भी टेस्ट क्रिकेट से लेना चाहते हैं संन्यास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा के बाद विराट कोहली भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं जिसकी जानकारी उन्होंने बीसीसीआई को दी है। लेकिन बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों ने उनसे इस फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है। वहीं सूत्रों के हवाले से इंडियन एक्सप्रेस ने लिखा कि, उन्होंने अपना मन बना लिया है और बोर्ड को सूचित कर दिया है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले रहे हैं। बोर्ड ने उनसे इस पर पुनर्विचार करने को कहा है। क्योंकि इंग्लैंड का अहम दौरा होने वाला है। उन्होंने अब तक इस अनुरोध पर कोई जवाब नहीं दिया है। विराट



कोहली का ये फैसला कुछ दिन पहले रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आया है। बीसीसीआई की सीनियर सिलेक्शन कमेटी के सदस्य अगले महीने इंग्लैंड में होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज को लेकर टीम चुनने के लिए कुछ दिनों में बैठक करने वाले हैं। वहीं कहा जा रहा है कि, कोहली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद से ही अपने टेस्ट क्रिकेट के भविष्य पर विचार कर रहे हैं। वहीं कोहली ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच में सेंचुरी ठोकी थी। लेकिन उसके बाद वह अन्य चारों टेस्ट में खराब फार्म से जूझते रहे। अगर कोहली अपना विचार नहीं बदलते हैं और रोहित शर्मा भी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में भारत के पास काफी हद तक अनुभवहीन मध्यक्रम होगा।

रोहित के बाद कोहली भी टेस्ट से रिटायरमेंट ले लेते हैं तो टीम दो अनुभवी खिलाड़ियों के मार्गदर्शन के बिना रह जाएगी। इन दोनों ने अब तक लगभग 11 सालों तक टेस्ट टीम का नेतृत्व किया है। विराट कोहली दिसंबर 2014 में भारत के टेस्ट कप्तान बने और उसके बाद रोहित फरवरी 2022 में कप्तान बने।

## डब्ल्यूडीसी फाईनल 2027 की मेजबानी कर सकता है भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अब तक दोनों वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल इंग्लैंड में खेले गए हैं, वहीं 2025 का फाइनल इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान में खेला जाएगा। कई बार इस विषय पर सवाल भी उठते रहे हैं कि, टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल इंग्लैंड से बाहर करवाया जाना चाहिए। अब एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत 2027 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल को होस्ट करने की इच्छा जता सकता है। द इंडियन एक्सप्रेस में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी करना चाहता है और इसके लिए बोली भी लगा दी है। बीसीसीआई ने ये मांग अरुण सिंह धूमल ने उठाई थी, जो अभी आईपीएल चेयरमैन पद पर भी विराजमान हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का सबसे पहला फाइनल 2021 में इंग्लैंड के हैम्पशायर में खेला गया था। उस खिताबी भिड़ंत में न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को 8 विकेट से हराकर ट्रॉफी जीती थी। दूसरा फाइनल 2023 में खेला गया, जिसकी मेजबानी लंदन स्थित द ओवल मैदान ने की थी। इस बार भारतीय टीम को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने 209 रनों से हराया था।




## पीएसएल को लेकर यूएई ने पाकिस्तान को दिया झटका




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच जंग की स्थिति को देखते हुए आईपीएल 2025 को एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके साथ ही पाकिस्तान की सुपर लीग को यूएई में कराने का ऐलान किया तो पाकिस्तान को यूएई ने ठेंगा दिखा दिया। वहीं बीसीसीआई पहले भारत में ही बाकी मैच कराना चाहता है, अगर सुरक्षा ठीक रही तो। लेकिन इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि अगर उनसे पूछा जाए तो वे मेजबानी करने को तैयार हैं।

ईसीबी के चीफ एग्जीक्यूटिव रिचर्ड गोल्ड ने कहा कि वे बीसीसीआई की मदद करेंगे। आईपीएल को अभी एक हफ्ते के लिए रोका गया है। ऐसा 10 टीमों, ब्रॉडकास्टर और फैंस से बात करने के बाद किया गया है। सभी को खिलाड़ियों की सुरक्षा की चिंता थी। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने सुझाव दिया है कि आईपीएल को इंग्लैंड में ही पूरा कर लिया जाए। इसमें भारतीय खिलाड़ी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वहीं रुक सकते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बाद बीसीसीआई ने आईपीएल को रोक दिया है। अभी 16 मैच बाकी हैं। इंग्लैंड अब आईपीएल के बाकी मैचों की मेजबानी कर सकता है। भारतीय बोर्ड चाहता है कि बाकी मैच भारत में ही हों, अगर सुरक्षा ठीक रही तो। लेकिन ईसीबी ने कहा है कि अगर उनसे पूछा जाए तो वे मदद करने को तैयार हैं। आईपीएल को अभी तक हफ्ते के लिए रोका गया है। इस दौरान ईसीबी के चीफ एग्जीक्यूटिव रिचर्ड गोल्ड ने कहा है कि, हम बीसीसीआई की मदद करेंगे, जहां तक हो सकेगा। इसका मतलब है कि इंग्लैंड आईपीएल के बाकी मैचों की मेजबानी करने को तैयार है, अगर बीसीसीआई उनसे मदद मांगे तो। आईफीएल को कब कराया जाए, ये एक बड़ी समस्या है। अगर भारत के टेस्ट दौरे से पहले टूर्नामेंट कराना है, तो भारतीय बोर्ड, ईसीबी और इंग्लैंड के मैदानों को जल्दी से समझौता करना होगा। अभी इंग्लैंड में घरेलू क्रिकेट चल रहा है जिससे दिक्कत हो सकती है।

## इस दिन से खेले जाएंगे आईपीएल के बचे हुए मुकाबले



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 को लेकर अपडेट है कि, ये टूर्नामेंट अनिश्चितकाल के लिए नहीं, बल्कि एक हफ्ते के लिए सस्पेंड किया गया है। बीसीसीआई के आधिकारिक तौर पर ये जानकारी दी है। इसके मुताबिक सभी जिम्मेदारों और आईपीएल फ्रेंचाइजियों के प्रतिनिधियों से बातचीत के बाद ये फैसला किया गया है। इस दौरान खिलाड़ियों की भावनाओं और चिंताओं, ब्रॉडकास्टर से संबंधित बातें भी हुईं। बता दें कि, इससे पहले आईपीएल के अनिश्चितकाल के लिए सस्पेंड किए जाने की बात आई थी।

बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार दोपहर जारी एक बयान में कहा कि आईपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारियों और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने सभी प्रमुख हितधारकों के साथ परामर्श के बाद आईपीएल को एक हफ्ते के लिए स्थगित करने का फैसला लिया गया। बैठक में आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल भी शामिल थे। सैकिया ने कहा कि संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के परामर्श से स्थिति का व्यापक आकलनन करने के बाद टूर्नामेंट के नए कार्यक्रम और स्थलों के बारे में आगे की जानकारी उचित समय पर दी जाएगी। बीसीसीआई के मुताबिक सभी जिम्मेदारों और आईपीएल फ्रेंचाइजियों के प्रतिनिधियों से बातचीत के बाद ये फैसला लिया गया है। इस दौरान खिलाड़ियों की भावनाओं और चिंताओं, ब्रॉडकास्टर से संबंधित बातें भी हुईं। इस पर बीसीसीआई ने सैन्य बलों की ताकत और उनकी तैयारी पर पूरा भरोसा जताया। साथ ही सभी संबंधितों के हितों को ध्यान में रखते हुए फैसला किया। बता दें कि इससे पहले आईपीएल के अनिश्चितकाल के लिए सस्पेंड किए जाने की बात आई थी। वहीं कहा ये भी जा रहा है कि, खिलाड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर ये फैसला लिया गया है। इससे पहले गुरुवार को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच को रद्द किया गया था। मैच के बाद आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने कहा था कि बोर्ड स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं और कोई भी आखिरी फैसला केंद्र सरकार के परामर्श से ही लिया जाएगा। आईपीएल 2025 में अभी तक 58 मैच हो चुके हैं, जिसमें धर्मशाला में मैच रद्द होना भी शामिल है।

# वो भारतीय क्रिकेटर जिसने युद्ध लड़ने के लिए छोड़ दिया अपना क्रिकेट डेब्यू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले 75 सालों से पाकिस्तान ने किसी ना किसी कारण से भारत को परेशान किया है। पड़ोसी मुल्क की ओर से किए गए लगातार आतंकी हमलों से भारत की जमीन कई बार दहली है। दोनों देशों के बीच तीन युद्ध भी हुए। जहां भारत की विजय हुई जबकि पाकिस्तान को तीनों बार मुंह की खानी पड़ी। पिछले कुछ दिनों से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। इंडियन फोर्स ने सरहद पार से हुए कई हमलों को नाकाम किया है। इस कारण दुनिया की सबसे महंगी क्रिकेट लीग आईपीएल का 18वां सीजन बीच में ही स्थगित करना पड़ा। सरहद पर भारतीय जवान दुष्मनों से देश की रक्षा करते हैं जबकि क्रिकेटर्स क्रिकेट के मैदान



पर विपक्षी टीमों को हराकर देश का नाम रोशन करते हैं। लेकिन अब हम आपको अपनी इस रिपोर्ट में एक ऐसे खिलाड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं जिसने युद्ध लड़ने के लिए अपना क्रिकेट डेब्यू ही छोड़ दिया। यहां जिस खिलाड़ी की बात हो रही है, उनका नाम हेमू अधिकारी था। जिनका साल 2003 में निधन हो गया था। उन्होंने अपने करियर में 21 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 872 रन बनाए थे। बल्लेबाजी करते हुए उनके बल्ले से एक शतक और 4 फिफ्टी निकलीं। हेमू दाएं हाथ से लेग स्पिन गेंदबाजी भी किया करते थे और अपने छोटे से बॉलिंग करियर में उन्होंने 3 विकेट भी लिए।

ये बात हैं 1940 के दशक की, जब दूसरे वर्ल्ड कप के शुरू होने से पहले ही हेमू अधिकारी क्रिकेट जगत में अच्छी पहचान बना चुके थे। लेकिन जब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर टेस्ट डेब्यू करने की बात आई तो उन्होंने इस सुनहरे मौके को छोड़ भारतीय आर्मी के साथ जुड़ कर देश सेवा को सर्वोपरि माना था। बता दें कि, साल 1947 में उन्हें लेफ्टिनेंट कर्नल के पद से सम्मानित किया गया था। हेमू अधिकारी ने 1947 ने 1947 में अपना डेब्यू किया था और कुछ मीडिया रिपोर्ट्स अनुसार डेब्यू के बावजूद उन्होंने भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देनी जारी रखी थीं। वो पाकिस्तान के खिलाफ भी एक यादगार पारी खेल चुके हैं। 1952 में उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में नाबाद 81 रन बनाए और 10वें विकेट के लिए गुलाम अहमद के साथ रिकॉर्ड 109 रनों की पार्टनरशिप की थी।

चोरहटा से रतहरा बाईपास निर्माण में करोड़ों के भ्रष्टाचार का खेल

# ₹540 करोड़ की सड़क में केसीसी कंपनी ने बनाई 100 करोड़ रुपए के बचत की व्यवस्था

## ग्रामीणों का आरोप कंक्रीट के जंगल को तैयार करने नहीं मिली लोहे की सरिया तो लकड़ी का डिजाइन तैयार कर किया जा रहा सड़क निर्माण कार्य



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शहर की व्यस्तता को कम करने चोरहटा से रतहरा के लिए बने बाईपास सड़क के नवनिर्माण का काम जोरों पर चल रहा है जिसके लिए हरियाणा की निजी कंपनी केसीसी के हाथों 540 करोड़ रुपए की लागत दर्शा कर रोड का पूरा मैप तैयार किया गया है कि सड़क का निर्माण किस तरीके से किया जाए मगर जिस केसीसी कंपनी ने इस बाईपास सड़क के निर्माण की जिम्मेदारी ली है उसके द्वारा सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत में ही भ्रष्टाचार की रणनीति पर काम किया जा रहा है जिसके चलते कंपनी के द्वारा सड़क निर्माण पर मानक के विपरीत मटेरियल लगाकर अधिक से अधिक राशि में घोटालेबाजी का प्रारूप तैयार किया गया है और इसी भ्रष्टाचारी निर्माण कार्य में करोड़ों रुपए का बंदरबाट करने की योजना बनाई जा रही है परंतु इस बात का ख्याल शासन के जिम्मेदार अधिकारियों को भी नहीं है कि इस तरह की गुणवत्ताविहीन सड़क में चलकर आने वाले समय में राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है तथा दुर्घटनाओं में भी बढ़ोत्तरी होनी है जिसकी वजह से प्रशासन की अनदेखी के चलते केसीसी कंपनी के कर्मचारी अपनी मनमानी दिखाकर सड़क निर्माण के काम को पूरा कराने में जुट हुए हैं।

बताया जा रहा है कि केसीसी कंपनी के द्वारा सड़क के नवनिर्माण कार्य में इस तरह की लापरवाही बरती जा रही है कि जहां लोहे की सरिया का इस्तेमाल होना चाहिए वहां लकड़ी और प्लास्टिक का मिश्रण कर के दिखावे की सरिया लगाकर सड़क को मजबूती प्रदान करने का काम किया जा रहा है जिससे सड़क का निर्माण पूरा होने के बाद आमजनमानस को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

जानकारी के मुताबिक केसीसी कंपनी ने बाईपास सड़क निर्माण के कार्य में प्रथम फेज में सड़क के किनारे ड्रेनेज सिस्टम तैयार तैयार करने का काम कर रही है जहां से पानी की निकासी होनी है मगर कार्य की शुरुआत में गुणवत्ता विहीन और मानक के विपरीत कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दिनों पहले निर्माण एजेंसी केसीसी कंपनी के द्वारा नाली निर्माण कार्य में वाइब्रेटर का उपयोग भी नहीं किया जा रहा था जिसपर दैनिक मीडिया ऑडीटर ने खबर का प्रकाशन किया था और उसके बाद ही वाइब्रेटर का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया वहीं अब लोहे की सरिया का उपयोग न करके कंपनी के ठेकेदार लकड़ी और प्लास्टिक के मिश्रण वाली सरिया को लगाकर नाली के निर्माण कार्य में तेजी ला रहे हैं।

दरअसल बाईपास का निर्माण 19.300 किलोमीटर की लंबाई में किया जाना है। जिसके लिए करीब 60 मीटर की चौड़ाई भी सुनिश्चित की गई है वहीं इस बाईपास में सर्विस लेन और ड्रेनेज सिस्टम भी बनाया जाना है। ड्रेनेज सिस्टम से जहा बारिश का पानी हाइवे में नहीं रूकेगा। साथ ही सर्विस लेन बनाने से गांव के वाहन को हाइवे में आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस प्रोजेक्ट में 2 मेजर जंक्शन के साथ माइनर जंक्शन का निर्माण भी किया जाएगा। जिससे हाइवे में वाहनों के टकराने की स्थिति नहीं बनेगी। इसके साथ ही बाईपास सड़क के निर्माण में 2 मेजर ब्रिज और 3 माइनर ब्रिज का निर्माण भी किया जाएगा। परंतु कार्य के शुरुआत में ही इस तरह की लापरवाही कंपनी के कार्यों को कटघरे में खड़ा कर रही है

आपको बता दें रीवा के लिए यह बड़ी उपलब्धि ही है कि शहर के चारों तरफ फोरलेन सड़क का विस्तार हो रहा है उसमें भी इस बाईपास में अत्याधुनिक सुविधाओं को भी ध्यान में रखा गया है जिसमें तमाम नई नई तकनीकियों की बारीकी रहेगी तथा इस फोरलेन बाईपास में सडक के दोनों तरफ 7-7 मीटर की सर्विस लेन रहेगी। साथ ही दोनों तरफ ढाई-ढाई मीटर टू लेन विथ प्योव्ड सोल्डर रहेगा। इतना ही नहीं दोनों सडक़ के बीच में साढ़े 4 मीटर का मीडियन रहेगा। इस बाईपास में 19 किलोमीटर में लाइटिंग की व्यवस्था रहेगी। जहां ट्रैफिक साइन भी जगह-जगह होगा। 19 किमी के फोरलेन में 36 की संख्या में ह्यूम पाईप की कलवर्ट पुलिया भी बनेगी।

मामले पर केसीसी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर का कहना है कि वह लोहे की सरिया की बजाय जिस प्लास्टिक की रॉड का उपयोग कर रहे हैं वह नियम के तहत किया जा रहा है तथा शासन ने उसे खुद अप्रूव किया है।

## प्रधान आरक्षक की राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई



### छोटे भाई ने दी मुखाग्नि, दिल्ली में 11 दिन इलाज के बाद मौत

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** ड्यूटी के दौरान गोली लगने से घायल हुए जैतवारा थाने के प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग आखिरकार जिंदगी की जंग हार गए। शुक्रवार सुबह उन्होंने दिल्ली के मैक्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। 11 दिन तक चले इलाज के बाद भी डॉक्टर उन्हें नहीं बचा सके। शनिवार सुबह 6 बजे उनका पार्थिव शरीर सतना के महदेवा स्थित उनके निवास पर लाया गया, जहां महदेवा मुक्तिधाम में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके चचेरे छोटे भाई कपिल गर्ग ने मुखाग्नि दी।

**राजकीय सम्मान से अंतिम विदाई:** अंतिम यात्रा में सतना कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार, एसएसपी आशुतोष गुप्ता, एएसपी शिवेश सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक, आरआई देविका सिंह, जिले के तमाम थाना प्रभारी और सैकड़ों की संख्या में पुलिसकर्मी शामिल हुए। साथी जवानों ने उन्हें कंधा दिया और पुलिस विभाग ने गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी। मुखाग्नि छोटे भाई कपिल गर्ग ने दी।

**दो मासूम बच्चों को छोड़ गए पीछे:** प्रिंस गर्ग अपने पीछे पत्नी, 8 साल का बेटा और 6 साल की बेटी छोड़ गए हैं। वे अपने माता-पिता अवध बिहारी गर्ग और मालती देवी के इकलौते बेटे थे। बेटे की शहादत ने बुढ़ापे का सहारा छीन लिया। मासूम बच्चों की नाम आंखें, डरी सहमी नजरें और घर में पसरा सन्नाटा हर किसी का दिल चीरने वाला था।

**11 दिन तक लड़ी जिंदगी की जंग:** घटना 28-29 अप्रैल की रात की है, जब आरोपी अच्छू शर्मा ने थाना परिसर के बैरक में घुसकर प्रिंस गर्ग को गोली मार दी थी। गोली कॉलर बोन के नीचे से आर-पार हो गई। पहले जिला अस्पताल सतना, फिर मेडिकल कॉलेज रीवा और अंत में 7 मई को हालत बिगड़ने पर एयरलिफ्ट कर दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल ले जाया गया। लगातार कोशिशों के बावजूद 9 मई को सुबह 8 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया।

**परिवार को आर्थिक सहायता की घोषणा:** एसपी आशुतोष गुप्ता ने बताया कि पूरा पुलिस मोहकमा शोक में है। हम सब दिवंगत प्रिंस के परिवार के साथ है। पत्नी को अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। शहीद के दर्जे के साथ 1 करोड़ रुपए राज्य सरकार देगी। 5 दिन पहले राज्य सरकार ने इलाज के लिए 9 लाख 60 हजार पहले ही दिए जा चुके है। इलाज में जितना खर्च अभी तक हुआ है वो भी रिफंड किया जाएगा।

## बैकुंठपुर में हादसा, 2 घंटे बाद पहुंची पुलिस

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में बीती रात हुए सड़क हादसे में डंपर और बोलेरो वाहन की टक्कर हो गई। हादसे में आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के दौरान मौके पर पुलिस तकरीबन 2 घंटे बाद पहुंची। जिसको लेकर लोगों में नाराजगी थी। जानकारी के मुताबिक बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तिलखन में उस वक्त हादसा हो गया जब ग्राम सगरा से ग्राम मटिमा बारात में शामिल होने कुशवाहा परिवार के लोग जा रहे थे इसी दौरान सड़क निर्माण में लगे डंपर से बुलेरो की सीधी टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में महिला पुरुष और बच्चे मिलाकर तकरीबन आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए हैं जबकि सड़क हादसे के तकरीबन 2 घंटे तक बोलेरो का चालक स्टेयरिंग में फंसा रहा लेकिन सूचना के बाद भी बैकुंठपुर पुलिस को 5 कि.मी की दूरी तय करने में 2 घंटे से ज्यादा का समय लग गया। जिसके चलते चालक चीखता और चिल्लाता रहा। बताया गया कि घटना के 2 घंटे बाद पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से चालक को बाहर निकाला जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## चावल बिक्री के नाम पर 8 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** चावल देने के बाद में 8 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को अमहिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी के 8 लाख रुपये भी बरामद कर लिए हैं। साथ ही उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि लखनऊ उत्तर प्रदेश निवासी ललित शर्मा की पहचान रीवा पीटीएस चौराहा निवासी चक्रेश पटेल से कुछ दिनों पूर्व हुई थी। जिसके बाद ललित शर्मा ने चक्रेश पटेल से चावल खरीदी की बात की थी। चावल बिक्री करने से पूर्व ललित शर्मा ने बतौर एडवांस चक्रेश पटेल को 8 लाख रुपये का ऑनलाइन पेमेंट किया था। पैसे पाने के बाद चक्रेश पटेल ने ललित शर्मा को चावल नहीं दिया जिसके बाद उन्होंने अमहिया थाने शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पुलिस ने ठगी का मामला पाया और प्रकरण दर्ज कर चक्रेश पटेल को गिरफ्तार कर लिया।

## बहन की शादी का निमंत्रण देने निकले युवक की मौत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बहन की शादी का निमंत्रण देने निकले युवक की सड़क हादसे पर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मृतक नीलेश साकेत निवासी ग्राम पोड़ी अपनी बुआ की लड़की की शादी में शामिल होने ग्राम बक्छेरा नया गांव गया हुआ था। जहां से रात्रि 3 बजे बाइक से वापस लौट रहा था। बताया जा रहा है कि मृतक नीलेश की बहन की शादी 14 तारीख को है, उसका निमंत्रण बांटने के लिए वह रात में निकला था, लेकिन रास्ते में सड़क हादसे का शिकार हो गया। बताया गया है कि सलैया मोड़ के समीप अज्ञात वाहन चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे नीलेश सड़क पर दूर जा गिरा और उसकी मौत हो गई। देर रात घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल में रखा दिया है और अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## प्रतियोगी परीक्षा के लिए नि :शुल्क प्रशिक्षण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 15 मई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

उप मुख्यमंत्री ने रीवा रिवर फ्रंट भाग दो का किया लोकार्पण

## निपनिया से पुष्पराज नगर तक नदी के दूसरे किनारे रिवर फ्रंट का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि पचमठा धाम स्थित निषादराज घाट से कोतवाली घाट तक बीहर रिवर फ्रंट के बन जाने से नदी के एक तरफ के रिवर फ्रंट का कार्य पूर्ण हो चुका है। आगामी चरण में निपनिया से पुष्पराज नगर तक नदी के दूसरे किनारे रिवर फ्रंट का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। आने वाले समय में बड़ी पुल के पास एनिकट बनाकर पानी में बाबा घाट से राजघाट तक क्रूज भी चलाया जाएगा। श्री शुक्ल ने फीता काटकर रिवर फ्रंट भाग दो का लोकार्पण किया तथा पैदल ही निषादराज घाट से कोतवाली घाट तक भ्रमण किया।

रीवा के विकास में आज एक कड़ी और जुड़ गई जब उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने पुनर्घनत्वीकरण योजना के तहत बीहर रिवर फ्रंट भाग दो को आमजन के लिए लोकार्पित किया। इससे पूर्व बीहर रिवर फ्रंट भाग एक आमजनों के लिए लोकार्पित किया जा चुका है। पचमठा धाम में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटक व रीवावासी रिवर फ्रंट से कलकल बहती बीहर नदी के अप्रतिम सौन्दर्य को करीब से निहार सकेंगे। रिवर फ्रंट का रखरखाव का दायित्व निर्धारित कर दिया गया है। व्यवस्थित ढंग से इसका रखरखाव हो। उन्होंने कहा कि पचमठा धाम जागृत स्थल है। आदि शंकराचार्य जी के चरण यहाँ पर पड़े थे। इसका वैभव पुनर्स्थापित हुआ है। उपेक्षा पर आस्था की विजय हुई है। यहाँ होने वाली बीहर आरती का दृश्य अद्भुत होता है। श्री शुक्ल ने कहा कि भगवत कृपा से ही रीवा में विकास के कार्य हो रहे हैं। भगवान के स्थलों के जागृत होने से रीवा लगातार आगे बढ़ रहा है। रीवा में बनने वाली अधोसंरचनाओं व निर्माण कार्यों की देश एवं प्रदेश स्तर पर प्रशंसा हुई है। शहरवासियों का भी दायित्व है कि वह इन संरचनाओं को व्यवस्थित व सुरक्षित रखने में अपना योगदान दें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आपरेशन सिंदूर से भारत ने अपनी ताकत दिखाई है। एकजुटता के साथ भारत आगे बढ़ रहा है। हमारा देश परम वैभव पर पहुंचकर विश्व का नेतृत्व करेगा। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री ने भगवान भोलेनाथ एवं हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि आदर्श नगर में गौरवपूर्ण जीवन जीने के लिए उस शहर का समन्वित विकास आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री जी के संकल्प से रीवा में आधारभूत संरचनाओं, पार्कों का विकास तथा रिवर फ्रंट की सौगात मिली है। उन्होंने रीवा में स्वच्छ हवा व स्वच्छ पानी के इंतजाम के लिए उप मुख्यमंत्री जी को साधुवाद दिया।

इस अवसर पर जिला भाजपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि ऐतिहासिक रिवर फ्रंट रीवा के लिए सौगात है। उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से विन्ध्य में विकास के कार्य किए जा रहे हैं। रीवा के लिए रिवर फ्रंट व ईको पार्क अनूठी मिशाल है। कार्यक्रम में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े ने कहा कि रिवर फ्रंट का रखरखाव नगर निगम के माध्यम से एजेंसी द्वारा कराया जाएगा। रीवा के सभी अधोसंरचनाओं के रखरखाव में भी नगर निगम अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। उन्होंने बताया कि बाबा घाट में एसटीपी निर्मित हो चुका है। कोतवाली घाट का एसटीपी जून माह के अंत तक निर्मित हो जाएगा। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद अनवर अली मुन्ना ने रीवा के विकास के लिए उप मुख्यमंत्री जी को हृदय से साधुवाद दिया। मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में दीनानाथ वर्मा, हेमलता सिंह, सूरज केवट, सहायक यंत्री हिमांशु वर्मा सहित पार्षदगण, गणमान्य नागरिक व आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजगोपाल मिश्रचारी ने किया।

## श्रद्धालुओं की कार से जेवरात चोरी करने वाला पकड़ा



### मैहर रोपवे पार्किंग में दोबारा चोरी करने आया था, कर्मचारियों ने दबोच लिया

**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** मैहर में मां शारदा देवी मंदिर के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं से चोरी करने वाला आरोपी पकड़ा गया है। रोपवे प्रबंधन की सूझबूझ और सीसीटीवी की निगरानी से पुलिस को आरोपी तक पहुंचने में मदद मिली।उसने 6 मई को कार से जेवरात की चोरी की थी।

सागर जिले के रविन्द्र राठौर अपने परिवार के साथ मां शारदा के दर्शन के लिए आए थे। उन्होंने अपनी कार रोपवे पार्किंग में खड़ी की थी। दर्शन के बाद लौटने पर उन्होंने देखा कि कार का दरवाजा खुला है। कार में रखे बैग से करीब 2 लाख रुपए के जेवरात गायब थे।

इसके बाद मैहर देवी जी चौकी पुलिस को सूचना दी गई। पार्किंग क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति कार का दरवाजा खोलता हुआ दिखा। रोपवे प्रबंधक अशरफ अली के निर्देश पर सीसीटीवी कैमरों की लगातार निगरानी की गई।

9 मई की शाम करीब 7.22 बजे वही संदिग्ध व्यक्ति दोबारा पार्किंग में दिखा। वह एक बोलेरो और दूसरे वाहन का दरवाजा खोलने की कोशिश कर रहा था। कर्मचारी अखिलेश सिंह ने उसे मौके पर पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने 6 मई की चोरी कबूल कर ली। चोरी की गई ज्वेलरी भी बरामद कर ली गई है। रविन्द्र राठौर ने शनिवार को मैहर आकर रोपवे प्रबंधक अशरफ अली को धन्यवाद पत्र दिया। मैहर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मऊगंज में साइबर अपराध से संबंधित कार्यशाला 16 को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।**साइबर अपराध से सुरक्षित रहने और अपनी जानकारी को सुरक्षा प्रदान करने के विषय में कर्मचारियों एवं उपयोगकर्ताओं को जानकारी देने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार में 16 मई को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। कार्यशाला में साइबर क्राइम एक्सपर्ट हाईकोर्ट जबलपुर एवं इंडियन साइबर एकेडमी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने मऊगंज जिले के विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि कर्मचारियों की उक्त कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए स्वयं भी उपस्थित रहें।

## पशुपालन मंत्री ने मऊगंज के विकास कार्यों सहित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं प्रभारी मंत्री मऊगंज श्री लखन पटेल ने रीवा सर्किट हाउस में मऊगंज जिले में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजनों तक लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में किए जा रहे जल संरक्षण के कार्यों की विस्तार से जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि जिले में जल संरक्षण के कार्य तीव्र गति से पूरे कराए जाएं। उन्होंने जिले में संचालित विकास कार्यों की भी जानकारी प्राप्त की तथा कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम, जिला भाजपाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्र, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी उपस्थित रहे।

## अवैध शराब और चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना की कोलगवां थाना पुलिस ने अवैध शराब और चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 300 पाव देसी शराब, चांदी के अधबने जेवरात, एक एलईडी टीवी और गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं। बरामद माल की कीमत लगभग 2 लाख 1 हजार रुपए है।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आदर्श नगर हवाई पट्टी के पीछे स्थित एक खंडहर में छापेमारी की। पुलिस ने आशीष गुप्ता उर्फ मंजा (32), भगवानदीन सिंगरौल (37) और राहुल गुप्ता (28) को गिरफ्तार किया। एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। तीनों आरोपी लखन चौराहा थाना कोलगवां के रहने वाले हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने 5-6 मई की रात डाली बाबा इलाके में रोहित सोनी के घर में चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 1.76 लाख रुपए के चांदी के अधबने जेवरात, एलईडी टीवी, गैस सिलेंडर और 300 पाव देशी शराब बरामद की है। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी संटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।